Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 06 | सोमवार, 06 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## भाजपा की परिवर्तन रैली में पीएम मोदी का आप पर बड़ा हमला

# आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे..



**नई दिल्ली।**

आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पीएम ने कहा, 'बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी 'आप-दा' से कम नहीं है। यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है- आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के रोहिणी में भाजपा परिवर्तन रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर अपना 'आप-दा' आरोप दोहराया। इसी के साथ पीएम मोदी ने दिल्ली सरकार पर पिछले 10 सालों में राष्ट्रीय राजधानी के विकास को पटरी से उतारने का भी आरोप लगाया। पीएम ने दिल्ली की जनता से आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को मौका देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'मैं दिल्लीवासियों से एक विशेष अनुरोध करना चाहता हूं। दिल्ली और आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मैं आपसे अनुरोध करने आया हूं कि आप भाजपा को एक अवसर प्रदान करें। सिर्फ बीजेपी दिल्ली का विकास कर सकती है।'आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पीएम ने कहा, 'बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी 'आप-दा' से कम नहीं है। यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है- आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे।'पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि दिल्ली विधानसभा में भी कमल खिलने वाला है। ये भाजपा ही है, जो दिल्ली को, दुनिया की बेहतरीन राजधानी का गौरव दिला सकती है।' उन्होंने आगे कहा कि जिस आप-दा सरकार के पास दिल्ली के लिए कोई विजन न हो, जिसे दिल्ली की परवाह न हो, वह दिल्ली का विकास नहीं कर सकती है। दिल्ली को आधुनिक बनाने के लिए जितने भी काम हैं वो केंद्र की भाजपा सरकार ही कर रही है। अपनी पार्टी की उपलब्धियां गिनवाते हुए पीएम ने कहा, 'जैसे दिल्ली मेट्रो चप्पे-चप्पे तक पहुंची, तो ये काम भाजपा की केंद्र सरकार ने किया है। बीते एक दशक में दिल्ली-एनसीआर में मेटो नेटवर्क दोगुने से भी अधिक हो चुके हैं।

## त्रिपुरा में बस में लगी आग, 13 छात्र घायल

**अगरतला।** पश्चिम त्रिपुरा के मोहनपुर में रविवार को एक बस में आग लगने से 13 स्कूली छात्र घायल हो गए। ये सभी पिकनिक मनाने के लिए गए थे। पश्चिम त्रिपुरा के पुलिस अधीक्षक किरण कुमार ने बताया कि इनमें से नौ को उपचार के लिए जीबीपी अस्पताल भेजा गया। अन्य चार को प्राथमिक उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गई। उन्होंने बताया कि बस में आग अंदर रखे एक जेनरेटर के फटने के कारण लगी। इस मामले की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने घायल छात्रों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस घटना से बहुत चिंतित हूं। घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रशासन स्थिति पर नजर रख रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि घायल छात्रों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिले। इस खबर को लगातार अपडेट किया जा रहा है। हम अपने सभी पाठकों को पल-पल की खबरों से अपडेट करते हैं।

## सार संक्षेप

### नए जम्मू रेलवे डिवीजन से मिलेगा रोजगार और पर्यटन को बढ़ावा, पीएम मोदी आज करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को वीडियो कॉफ्रेंसग के जरिए जम्मू रेलवे डिवीजन और तेलंगाना में एक टर्मिनल स्टेशन सहित कई रेलवे परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। मोदी तेलंगाना में चरलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और पूर्वी तट रेलवे के रायगढ़ रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला रखेंगे।

एक बयान के अनुसार, जम्मू संभाग को भारत के अन्य क्षेत्रों से रेल से जुड़ने की स्थानीय लोगों की मांग पूरी होगी।इसमें कहा गया है कि नया संभाग रोजगार के अवसर पैदा करेगा, बुनियादी ढांचे का विकास करेगा, पर्यटन को बढ़ावा देगा तथा क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। जम्मू में मुख्यालय वाले इस नव निर्मित डिवीजन में फिरोजपुर डिवीजन का पुनर्गठन शामिल होगा।इसके अधिकार क्षेत्र में निम्न सेक्शन शामिल होंगे। वर्तमान में भारतीय रेलवे देश भर में 68 डिवीजनों के साथ 17 जोन संचालित करती है। इस डिवीजन के निर्माण के साथ भारतीय रेलवे के 17 जोनों के अंतर्गत 70 डिवीजन हो जाएंगे। तेलंगाना के मेडचल-मलकाजगिरी जिले में चरलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन को लगभग 413 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है।

## गर्लफ्रेंड-ब्वॉयफ्रेंड को अब ओयो रूम में नहीं मिलेगी एंट्री

**नई दिल्ली।**




ट्रैवल बुकिंग करने वाली प्रमुख कंपनी डड ने अपने चेक इन नियमों में बड़ा बदलाव किया है, जिसके अनुसार अविवाहित जोड़े अब कंपनी के पार्टनर होटलों में कमरा बुक नहीं कर पाएंगे। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार कंपनी ने फिलहाल मेरठ से इस नियम की शुरूआत की है।

इसके तहत ओयो ने पार्टनर होटलों के लिए एक नई चेक-इन नीति शुरू की है। इस साल से प्रभावी दिशा-निर्देशों के अनुसार अविवाहित जोड़ों का चेक-इन करने पर स्वागत नहीं किया जाएगा। संशोधित नीति के तहत, सभी जोड़ों को चेक-इन के समय अपने रिश्ते का वैध प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए कहा जाएगा, जिसमें ऑनलाइन की गई बुकिंग भी शामिल है। कंपनी ने कहा कि डड ने अपने पार्टनर होटलों को स्थानीय सामाजिक संवेदनशीलता के साथ तालमेल बिठाते हुए अपने विवेक के आधार पर जोड़ों की बुकिंग को अस्वीकार करने का अधिकार दिया है। डड ने मेरठ में अपने पार्टनर होटलों को तत्काल प्रभाव से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## गुजरात के पोरबंदर में Coast Guard का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, चालक दल के तीन सदस्यों की मौत

**नई दिल्ली।**

पुलिस अधीक्षक भागीरथ सिंह जडेजा ने हादसे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर हुई। उन्होंने कहा कि आईसीजी का ह्यएडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) पोरबंदर हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चालक दल के तीन सदस्य सवार थे।



गुजरात के पोरबंदर हवाई अड्डे पर रविवार दोपहर भारतीय तटरक्षक बल का एक हेलीकॉप्टर उतरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में, दो पायलटों सहित चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक भागीरथ सिंह जडेजा ने हादसे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर हुई। उन्होंने कहा कि आईसीजी का ह्यएडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) पोरबंदर हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चालक दल के तीन सदस्य सवार थे।

जडेजा ने बताया कि चालक दल के तीनों सदस्यों को हेलीकॉप्टर से गंभीर हालत में बाहर निकाला गया और पोरबंदर के एक अस्पताल ले जाया गया। कमला बाग थाने के निरीक्षक राजेश राजेश कनमिया ने पुष्टि की कि चालक दल के तीनों सदस्यों की अस्पताल में मौत हो गई। भारतीय तटरक्षक अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है। बता दें, दो महीने पहले भी तटरक्षक का एक अन्य हेलीकॉप्टर समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

## उत्तर भारत में जारी रहेगी कड़ाके की ठंड, 50 उड़ानें रद



**नई दिल्ली।**

घने कोहरे और कड़ाके ठंड से रविवार को भी पूरे उत्तर भारत में जनजीवन प्रभावित रहा। दिल्ली और एनसीआर में रविवार सुबह साढ़े तीन घंटे तक कोहरे की चादर लिपटी रही, जिसके कारण कई क्षेत्रों में दृश्यता शून्य रही। इससे हवाई सेवा और रेलवे दोनों प्रभावित हुए।

दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर सुबह चार बजे से साढ़े सात बजे तक दृश्यता शून्य होने से उड़ानें प्रभावित रहीं। रविवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 9.4 डिग्री सेल्सियस था। कोहरे के कारण श्रीनगर, पटना, दरभंगा समेत कई एयरपोर्ट पर उड़ानें रद करनी पड़ी एवं उनमें देरी भी हुई। रेल यातायात भी कोहरे के कारण खासा प्रभावित रहा। वंदे भारत, राजधानी समेत 50 से ज्यादा यात्री ट्रेनों की रफ्तार थम सी गई और वह घंटों की देरी से गंतव्य तक पहुंची। राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस वे पर भी दृश्यता कम होने के कारण वाहन रेंगते नजर आए। इस बीच अब पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में पहाड़ों पर एक बार फिर से हिमपात शुरू हो गया है। जम्मू कश्मीर में घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने के कारण रविवार को श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सभी 50 उड़ानें रद कर दी गईं। मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार को कश्मीर समेत जम्मू संभाग के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में अच्छी खासी बर्फबारी की पूरी संभावना जताई है।

## पीएम मोदी की रैली पर केजरीवाल का निशाना

# 'प्रधानमंत्री जी 29 मिनट तक दिल्ली के लोगों को गालियां देते रहे'

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रोहिणी में परिवर्तन रैली को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान आम आदमी पार्टी की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने एक बार फिर आम आदमी पार्टी को आपदा करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी हर रोज दिल्ली के लोगों को गालियां दे रहे हैं। दिल्ली की जनता का अपमान कर रहे हैं। दिल्ली के लोग चुनाव में बीजेपी को इस अपमान का जवाब देंगे। प्रधानमंत्री जी 38 मिनट में 29 मिनट तक दिल्ली के लोगों को गालियां देते रहे।

केजरीवाल ने कहा, ् जो लोग यह आरोप लगाते हैं कि अअढ लड़ती रहती है। आज का उद्घाटन एक उदाहरण है जो दशार्ता है कि अअढ केवल दिल्ली के लोगों के लिए ही काम करती है। भाजपावालों ने हमारे शीर्ष नेतृत्व को जेल भेज दिया, हमारे खिलाफ बहुत अत्याचार हुए। हमने कभी इसको लेकर कोई मुद्दा नहीं बनाया। अन्यथा इन परियोजनाओं का उद्घाटन नहीं हो पाता। पीएम मोदी द्वारा आरआरटीएस का उद्घाटन दिल्लीवासियों के प्रति आप के समर्पण का प्रतीक है। केजरीवाल ने कहा कि हमारी पार्टी दिल्ली के लोगों के लिए हम काम कर रहे हैं। इन्होंने दिल्ली के काम हर समय रूकवाया है। सीसीटीवी कैमरे रूकवाए हैं। मोहल्ला क्लीनिक इन्होंने रूकवाए हैं। आज प्रणानमंत्री जी 38 मिनट बोले हैं, उसमें 29 मिनट तक दिल्लीवालों को गालियां देते रहे। जनता सोच रही थी कि प्रधानमंत्री कोई विजन पर बात करेंगे। मगर वे हम लोगों के ऊपर ही बोलते रहे।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली देहात के लोगों के लिए प्रधानमंत्री कुछ नहीं बोले। दिल्ली देहात में धारा 81 और धारा 33 हटाने पर बात नहीं की है। लोगों पर पुराने मुकदमे चल रहे हैं, वे लोग इंतजार में थे कि वे कुछ बोलेंगे। लोगों को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री जी लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक देने पर बात करेंगे। दिल्ली मास्टर प्लान, लैंड पूलिंग पॉलिसी पर मोदी जी बात नहीं करते हैं। मोदी जी द्वारा सीवर की समस्या उठाए जाने पर केजरीवाल ने कहा कि इसे ठीक कर रहे हैं और इस पर बहुत सारे काम हुए भी हैं।

## 26 म्यांमार नागरिकों को भेजा गया वापस

**इंफाल।** मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने रविवार को बताया कि राज्य की सीमा के जरिए भारत में प्रवेश करने वाले 26 म्यांमार नागरिकों के एक समूह को रविवार को उनके देश वापस भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अवैध आव्रजन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि राज्य सरकार युद्ध से भाग रहे लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने, उनकी देखभाल और सम्मानजनक प्रस्थान सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि, राज्य अवैध प्रवासियों को मणिपुर में रहने की अनुमति देने के खिलाफ कड़ा रुख अपनाता है। अधिकारियों ने कहा कि विदेशियों को राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों के प्रतिनिधियों ने मोरेह सीमावर्ती शहर में म्यांमार के अधिकारियों को सौंप दिया है। भारत-म्यांमार सीमा स्थित मोरेह कस्बे में आग लगने से दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए और 15 से अधिक घर जलकर खाक हो गए।

# चीन में नया वायरस, दुनिया भर में हड़कंप

**नई दिल्ली।**

चीन में कोरोना वायरस की तरह एक नया वायरस तेजी से फैल रहा है, जिसने पूरी दुनिया में चिंता बढ़ा दी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वायरस तेजी से लोगों को संक्रमित कर रहा है और इसके कारण अस्पताल मरीजों से खचाखच भरे हुए हैं। इस वायरस के लक्षण कोरोना से मिलते-जुलते हैं, जैसे बुखार, खांसी, और सांस लेने में दिक्कत। वैज्ञानिक और स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस नए वायरस की गंभीरता और प्रसार का अध्ययन कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है और सभी देशों से सावधानी बरतने की अपील की है। इस समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा प्रतिबंध और कड़े स्वास्थ्य परीक्षण की सिफारिश की जा रही है यह स्थिति एक बार फिर दुनिया को महामारी के खतरों के प्रति सचेत कर रही है। विशेषज्ञों ने लोगों को मास्क पहनने, सामाजिक दूरी बनाए रखने और स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है।



## संपादक की कलम से

### चुनौतियां बेशुमार

यूं तो नया या पुराना साल एक समय चक्र मात्र है और देश के सामने समस्याएं व चुनौतियां हर दौर में रही हैं। लेकिन हम समय की एक इकाई में अपनी समस्याओं को दूर करने के लक्ष्य निर्धारित कर निराकरण का प्रयास करते हैं। कमोबेश वर्ष 2025 को लेकर भी यही स्थिति रहने वाली हैं। हालांकि महंगाई, बेरोजगारी तथा गरीबी सर्वकालिक व सर्वदेशीय समस्याएं रही हैं, फर्क है तो यही कि सत्ताधीश इन चुनौतियों का मुकाबला कैसे करते हैं। जैसे–जैसे बीता साल पूर्णता की ओर बढ़ रहा था, देश को लेकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में कुछ सकारात्मक तो कुछ चिंता बढ़ाने वाली खबरें वातावरण में तैर रही थीं। हालांकि, बांग्लादेश का राजनीतिक घटनाक्रम व अल्पसंख्यकों पर ज्यादती की खबरें विचलित करने वाली थी। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बांग्लादेश में जिस सत्ताधीश के विरोध में सत्ता पलट हुआ,उस सत्ता की सूत्रधार को भारत ने शरण दी। दरअसल, भारतीय उपमहाद्वीप के देशों में तार्किक के बजाय भावनात्मक मुद्दे राजनीतिक विमर्श पर हावी रहे हैं। हालांकि, अच्छी बात यह है कि दशकों से जारी एलएसी विवाद सिमटता नजर आया। जिससे चीन से बिगड़े रिश्ते पटरी पर आने की उम्मीद जगी। जिसके मूल में अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम भी है, लेकिन सुखद है कि एशिया की बड़ी महाशक्ति से संबंधों में सुधार आया। बाकी इस माह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद भारत की विदेश नीति दशा–दिशा तय करती नजर आएगी। जहां तक देश के घरेलू मोर्चे का सवाल है तो आर्थिक सुस्ती सत्ताधीशों की चिंताओं का विषय होनी चाहिए। वर्ष 2024–25 की दूसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर 5.4 फीसदी रहना चिंता का सबब बनी, क्योंकि यह विकास दर पिछली सात तिमाहियों के सबसे निचले स्तर पर है। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि बीता वर्ष आम चुनावों व कई बड़े राज्यों में चुनाव का साल था, जिसमें भारी मात्रा में अनुत्पादक सरकारी खर्च हुआ है। जो कहीं न कहीं देश की विकास दर को प्रभावित करता है। बहरहाल, इसके बावजूद केंद्र सरकार विकास दर व मंदी की आहट को लेकर चिंतित नजर नहीं आती तो उसकी वजह है कि भारत की यह विकास दर भी दुनिया की तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से अधिक है। आर्थिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि वर्ष 2024–25 की तीसरी व चौथी तिमाही में विकास दर के तेज रहने के आसार हैं। जैसा कि केंद्रीय बैंक का अनुमान है कि आगामी वित्तीय वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर 6.6 फीसदी रहेगी। जिसके आधार पर विभिन्न रेटिंग एजेंसियां व आईएमएफ अनुमान लगा रहा है कि इस साल भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।



ललित शर्मा
संपादक

## मोनिका डागा

### धन्यवाद !

कविता



जो जितना साथ चला उसका उतना ही धन्यवाद,
जो ईर्ष्या से जला उसका भी उतना ही धन्यवाद,
जिन्होंने दी शुभकामनाएं उनको भी है धन्यवाद,
जिन्होंने व्यंग बाण चलाएं उनको भी है धन्यवाद ।


जिन्होंने खुशियां छीनी उनका भी हैं धन्यवाद,
जिन्होंने ढेरों खुशियां भरी उनका भी धन्यवाद,
जो पीठ पीछे छूरा भोंक चले उन्हें भी धन्यवाद,
जो मुश्किलों में साथ बढ़े उनका भी धन्यवाद ।

जिंदगी को अपनाना सीखाया उनको भी धन्यवाद,
रूकावटों का अंबार लगाया उनको भी है धन्यवाद,
जो दुआओं का उपहार बन आएं उन्हें भी धन्यवाद,
अकेले छोड़ धोखा दे चले गए उन्हें भी है धन्यवाद ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# स्कूलों में छात्रों की संख्या का घटना चिन्ताजनक



शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है?

भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है।

शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छात्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी-एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है।

छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है।

भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। यदि हमें सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करना है और सही दिशा में आगे बढ़ना है तो कई पहलुओं एवं मोर्चों पर काम करना आवश्यक है। हमारी आजादी के बाद से ही शिक्षा क्षेत्र में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने हमें दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनने से रोक दिया है। भारत में एक सभ्य शिक्षा प्रणाली के महत्व की जरूरत को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नयी शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। देश की शिक्षा प्रणाली को नया आकार दिया जा रहा है और शिक्षा से जुड़े कई बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। प्रणाली को आधुनिक बनाने और व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू करने के प्रयास हो रहे हैं। बहरहाल, यह खुशी की बात है कि अब भारत के 91.7 प्रतिशत स्कूलों तक बिजली पहुंच चुकी है। अभियान चलाकर देश के बाकी बचे स्कूलों तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। देश में 98 प्रतिशत से ज्यादा स्कूलों तक पेयजल सुविधा के साथ ही टॉयलेट की सुविधा पहुंच चुकी है। स्कूलों को संसाधन संपन्न बनाने के साथ ही शिक्षकों और पुस्तकों की गुणवत्ता एवं स्कूलों को संसाधन के स्तर पर भी बहुत मजबूत करने की जरूरत है। भारत के 60 प्रतिशत स्कूलों में भी कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं और इंटरनेट की सुविधा वाले स्कूलों की संख्या 50 प्रतिशत से भी कम है। आज के समय में जब हमें बड़े पैमाने पर कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी, तब किसी का कंप्यूटर शिक्षा से वंचित होना बहुत महंगा पड़ेगा। आज के समय में हर छात्र या हर नागरिक को कंप्यूटर और इंटरनेट का सामान्य ज्ञान होना ही चाहिए। कंप्यूटर आज के समय में विलासिता नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य जरूरत है।

नया भारत बनाने के लिए शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के जरिए ही देश का विकास होता है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। हालांकि, कई स्कूल अभिभावकों और छात्रों को बनाए रखने और आकर्षित करने के लिए संघर्ष करते हैं। इन संघर्ष की स्थितियां का नियंत्रित होना जरूरी है। इसी से भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था एवं विश्व गुरु होने का दर्जा पा सकेगा। क्योंकि शिक्षा दृष्टि और दृष्टिकोण को बढ़ाती है, जिससे समाज में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। इससे उन्नत एवं चरित्रसम्पन्न नागरिकों का निर्माण होता है एवं देश विकास की ओर अग्रसर होता है। सामाजिक न्याय के क्षेत्र में प्रगति करने की इच्छा भी बढ़ती है, अन्याय, भ्रष्टाचार, हिंसा, असमानता और सांप्रदायिकता आदि से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। शिक्षा एक ऐसे लोकतंत्र को सुनिश्चित करती है जिसमें एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज शामिल हो। यह आर्थिक रूप से वंचित समूहों के उत्थान में भी मदद करता है और कई नौकरी और रोजगार के अवसरों का निर्माण सुनिश्चित करता है। एक सभ्य शिक्षा प्रणाली विचारों, ज्ञान और अच्छी प्रथाओं का शांतिपूर्ण आदान-प्रदान सुनिश्चित करती है। यह अपराध और आतंकवाद को कम करने में मदद करता है; इस प्रकार, कानून और व्यवस्था के मुद्दों को नियंत्रण में रखा जाता है। एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय और सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने के साथ-साथ भाईचारे की भावना को बढ़ाने में मदद करती है।

भारतीय परिदृश्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच एक बड़ी बाधा है। उचित बुनियादी ढांचे की कमी और शिक्षा के प्रति समाज के कई वर्गों में कम उत्साह के कारण भारत में शिक्षा के लक्ष्य पूरे नहीं हो पाते हैं। शिक्षा प्रणाली में कुछ चुनौतियाँ हैं जिनके कारण भारत इष्टतम विकास को पूरा करने में सक्षम नहीं है। भारत में शिक्षा के परिदृश्य को बेहतर बनाने एवं छात्रों के नामांकन को बढ़ाने के लिए उन नीतियों पर सख्ती से काम करने की आवश्यकता है जो भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली सुनिश्चित करें। – **ललित गर्ग**

# गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व 6 जनवरी 2025-वाहेगुरु जी दा खालसा वाहेगुरु जी दी फतेह



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर सारी दुनियाँ में जहां भी बाबा गुरु नानक देव जी के अनुयाई विशेष रूप से सिख, सिंधी या अन्य भाषी भारतीय मूल के लोग निवास करते हैं,वहां गुरु नानक देव व गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को जरूर मनाया जाता है, जो इस वर्ष सोमवार दिनांक 6 जनवरी 2025 को मनाया जा रहा है, अनेक शहरों में यह पर्व 3 दिवसीय हो रहा है जिसमें प्रभात फेरी शोभायात्रा के रूप में बाबा जी की सवारी निकाली जा रही है, जैसे पटना में जो गुरु गोविंद सिंह का जन्म स्थल है वहां पर 4 से 6 जनवरी 2025 को प्रकाशपर्व शुरू हो गया है, जहाँ पूरे भारत के अनेक अनुयाई प्रकाशपर्व उत्सव में भाग लेते हैं, जहां रांची से अनेक भागों में 350 यात्रियों का जत्था भी पटना आ रहा हैं। वैसे ही पूरे देश व विदेशों से भी श्रद्धालु शामिल होते हैं।हमारी गोंदिया राइस सिटी में भी दिनांक 4 जनवरी 2025 को प्रकाशपर्व उत्सव के उपलक्ष में एक भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गई जिसमें मैं प्रत्यक्ष रूप सेउपस्थित था, जिसमें बड़ी संख्या में सिख व सिंधी भाई शामिल थे, एक रथ में गुरु ग्रंथ साहिब विराजमान थे व माताएं बहने भजन गा रही थी, अन्य भाई पारंपरिक वेशभूषा में कमाल के करिश्में दिखाते हुए झूम रहे थे पूरे पथों पर गुरु ग्रंथ साहिब के रथ के नीचे फूलों की चादर सी बिछाई जा रही थी,पथ पर जल छिड़ककर पवित्र किया जा रहा था। हर चौक पर प्रसाद वितरण हो रहा था मुझे बहुत आनंद आया व ऐसी ही यात्रा करीब-करीब दुनियाँ के हर देश व शहर में निकालकर गुरु गुरु गोविंद सिंह साहब जी का प्रकाशपर्व मनाया जा रहा है,जिसमें 6 जनवरी 2025 को गुरुद्वारों में विशेष कार्यक्रम हो रहे हैं। पूरे देश-विदेश के शहरों में जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल, वाहे गुरु जी दा खालसा वाहे गुरु जी दी फतेह, चिड़िया नाल ते बाज लड़ावां, तां गोबिंद सिंह नाम धरावां आदि गुरुजी के जयकारे गूंज रहे थे। नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखकर पूरा वातावरण गुरुमय हो गया था। चूँकि गुरु नानक देव गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व आज भी उनके हर अनुयाई के हृदय में जोश व आत्मविश्वास का संचार करता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व विशेष 6 जनवरी 2025, वाहेगुरु जी दा खालसा वाहेगुरु जी दी फतेह, इस आर्टिकल में दिए तथ्य मीडिया से लिए गए हैं जिनकी सटीकता का प्रमाण नहीं है, परंतु शोभायात्रा में मैं खुद उपस्थित था।

साथियों बात अगर हम गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व व इस त्यौहार की तिथि व महत्व की करें तो,प्रकाश पर्व सिख धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है,जिसे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। सिख धर्म में कुल दस गुरु हुए हैं और इनमें से दो प्रमुख गुरुओं, गुरु नानक देव जी और गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्मदिवस को विशेष रूप से प्रकाश पर्व या प्रकाश उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व न केवल सिख समुदाय के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। साल 2025 में गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व 6 जनवरी, सोमवार को मनाया जा रहा है। गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना, बिहार में हुआ था। उन्होंने मात्र दस वर्ष की आयु में गुरु की गद्दी संभाली और सिख धर्म के दसवें और अंतिम गुरु बनें।उनका जन्म पौष माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को हुआ था। नानकशाही कैलेंडर के अनुसार, यह तिथि हर साल बदलती रहती है, लेकिन इस अवसर को पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया जाता है। प्रकाश पर्व का अर्थ है- अंधकार को दूर कर सत्य, ईमानदारी, और सेवा का प्रकाश फैलाना। गुरु नानक देव जी और गुरु गोबिंद सिंह जी ने समाज में ज्ञान, सत्य, और न्याय का प्रकाश फैलाया। उन्होंने लोगों को यह सिखाया कि जीवन में सत्य और धर्म का पालन करना ही सच्चा प्रकाश है। इस दिन गुरुद्वारों को भव्य तरीके से सजाया जाता है, नगर कीर्तन निकाले जाते हैं, और श्रद्धालु अरदास, भजन-कीर्तन, तथा प्रभात फेरी में शामिल होकर गुरु जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

साथियों बात अगर हम गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की करें तो,उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना बैसाखी के दिन की थी। यह एक ऐतिहासिक घटना थी, जिसने सिख धर्म को एक नई दिशा और पहचान दी। खालसा पंथ का मुख्य उद्देश्य अन्याय, अत्याचार और अंधकार को समाप्त करना था।उन्होंने मुगलों और उनके अत्याचारियों के खिलाफ कई लड़ाइयाँ लड़ीं। उन्होंने कभी अन्याय के आगे सिर नहीं झुकाया और न ही अपने अनुयायियों को झुकने दिया। उन्होंने सिखों को आत्मसम्मान और निडरता का पाठ पढ़ाया।उनकी प्रसिद्ध वाणी वाहेगुरु जी दा खालसा, वाहेगुरु जी दी फतेहआज भी हर सिख के हृदय में जोश और आत्मविश्वास का संचार करती है। गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती को प्रकाश पर्व इसीलिए कहते हैं क्योंकि प्रकाश पर्व या प्रकाश उत्सव का अर्थ है मन से बुराइयों को दूर करते उसे सत्य, ईमानदारी, और सेवाभाव से प्रकाशित करना गुरु नानक देव और गुरु गोबिंद सिंह ने समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाया था, इसीलिए इस दिन को इस नाम से जाना जाता है।

साथियों बात अगर हम गुरु गोविंद सिंह के जीवन को जानने की करें तो ऐसा, इतिहास पुरूष कभी भी राजसत्ता प्राप्ति, जमीन-जायदाद, धन सम्पदा या यश प्राप्ति के लिए लड़ाईयां नहीं लड़ते। श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ऐसे इतिहास पुरूष थे, जिन्होनें ताउम्र अन्याय , अधर्म अत्याचार और दमन के खिलाफ तलवार उठाई और लड़ाईयां लड़ी। गुरू जी की तीन पीढ़ियों ने देश धर्म की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया। आज देश अपनी स्वतंत्रता की 75वी वर्षगांठ आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है, ऐसे में पूरे देश में स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों, बलिदानियों को याद किया जा रहा है। सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी को उनकी जयंती पर नमन कर प्रत्येक भारतवासी गर्व महसूस कर रहा है। वे नौवें सिख गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर और माता गुजरी के इकलौते बेटे थे, जिनका बचपन का नाम गोबिंद राय था। सन् 1699 ई0 में बैसाखी के दिन गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना कर पांच व्यक्तियों को अमृत चखा का पांच प्यारे बना दिए। इन पांच प्यारों में सभी वर्गो के व्यक्ति थे। इस प्रकार से उन्होंने जात-पात मिटाने के उद्देश्य से अमृत चखाया । बाद में उन्होंने स्वयं भी अमृत चखा और गोबिंद राय से गोबिंद सिंह बन गए ।गुरु गोबिंद सिंह ने एक खालसा वाणी वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह स्थापित की। साथ ही उन्होंने आदर्शात्मक जीवन जीने और स्वयं पर नियंत्रण के लिए खालसा के पांच मूल सिद्धांतों की भी स्थापना की। जिनमें केस, कंघा, कड़ा, कछ, किरपाण शामिल है ।ये सिद्धान्त चरित्र निर्माण के मार्ग थे। उनका मानना था कि व्यक्ति चरित्रवान होकर ही विपरित परिस्थितियों व अत्याचारों के खिलाफ लड़ सकता है। गुरू गोबिन्द सिंह जी की वीरता और लोकप्रियता से आस पास के पहाड़ी राजा द्वेष करने लगे यहां तक बिलासपुर के राजा भीमचन्द सहित गढ़वाल, कांगड़ा के राजाओं ने मुगल शासक औरंगजेब के पास जाकर गुरु गोबिंद सिंह के खिलाफ लड़ने के लिए सैनिक सहायता मांगी और कहा कि इसके बदले में वे वार्षिक लगान देंगें।



# बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर केंद्रीय लोक निर्माण मंत्री से मिल कर अवगत कराएंगे सांसद

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर हो रही दुर्घटनाओं में असामयिक मृत्यु चिंता का विषय है।सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए नेशनल हाईवे पर फ्लाई ओवर के निर्माण कराने के सम्बंध में केंद्रीय लोक निर्माण मंत्री से मिल कर अवगत कराते हुए इसके निर्माण की कार्रवाई कराएंगे।उक्त बातें सपा के क्षेत्रीय सांसद लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद ने रविवार को खजनी विधानसभा क्षेत्र से वापस लौटते समय मगहर में सपा जिला उपाध्यक्ष सिराज खां के आवास पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार हिन्दू मुस्लिम,मंदिर मस्जिद में बांटने में मस्त है।उसे प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को रोजीरोटी देने की चिंता नहीं है।इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यहां देश विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव कराने के लिये पूर्वोत्तर रेलवे के जीएम और रेल मंत्री से मिल कर समस्या को हल कराएंगे। इसके निर्माण के लिए धन अवमुक्त होते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सिराज खां ने नगर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए एक मांग पत्र दिया। सभासद रईस आलम ने इस्लामनगर वार्ड की जनता को रेलवे लाइन क्रास कर मगहर कस्बे में आना जाना पड़ता है।जिससे कई लोग ट्रेन की चपेट में आने से मौत के मुंह में समा चुके हैं।

इस दौरान पूर्व सभासद परवेज कौसर अंसारी,हाजी फिरोज खान, इमरान खां,खुर्शीद उर्फ फैज खां, शाकिब खां,पूर्व प्रधान रविन्द्र यादव, मोहम्मद अहमद खां,चंद्रभान यादव, गुलाम हुसैन,अहमद अली, सुहेल अख्तर, बबलू खां, मुश्ताक खान,हाजी मोहम्मद आजम,अबरार आलम,विकास यादव,आदि लोग मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ का आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**कांधला।** नगर के एक मोहल्ला निवासी युवती ने छेड़छाड़ के आरोपी पर फैसले का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।रविवार को अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवती ने तहरीर देकर बताया कि उसने एक युवक पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि आरोपी लगातार पीड़िता व उसके परिवार पर फैसला करने का दबाव बना रहा है।फैसला ना करने पर आरोपी पीड़िता व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है।पीड़ित युवती ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार जनविरोधी: पाण्डेय



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** केंद्र व प्रदेश सरकार जनविरोधी है। बढ़ती मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से आज आमजन परेशान है कांग्रेस पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को उठाती रही है और उठाती रहेगी।

उक्त बाते जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी और न्याय पंचायत अध्यक्षों द्वारा चयनित लाभार्थियों में कंबल वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहीं।

जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद नजीर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी ब्लाक कांग्रेस कमेटी और न्याय पंचायत अध्यक्षों द्वारा चयनित 1000 पात्र लाभार्थियों में ठंडक और गलन से बचाने के लिए कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष मुहम्मद अकरम नजीर ने किया।

इस अवसर पर सुनील पाण्डेय, अरुण कुमार पाण्डेय, अफजाल अहमद प्रधान, रियाज अहमद, बदरूद्दोजा, मुहम्मद कलीम, ईसार अहमद, महफूज अहमद, ओबैदुर्रहमान, राजाराम आर्या, सैयद शफीकुर्रहमान, नजरूल हसन अंसारी, मुहम्मद परवेज अख्तर, मिठाईलाल, महेश कुमार, इब्राहिम सिद्दीकी, मुहम्मद अदनान, अनिल गुप्ता, मुहम्मद करीम आदि मौजूद रहे।

## मारपीट/विवाद में घायल 01 व्यक्ति को भेजवाया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 1496 को थाना दुधारा क्षेत्रांतर्गत सिसवा फतेउल्लाह से व्यक्ति कालर द्वारा दो पक्षो के मारपीट/ विवाद में 01.बासुदेव पुत्र मुनेश्वर निवासी सिसवा फतेउल्लाह थाना दुधारा के घयल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी आ0 सत्येन्द्र मद्धेशिया, आ0 गौतम कुमार, हो0चा0 शिवकुमार गौंड ने घटनास्थल पर समय से पहुँचकर महिला को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु सीएचसी सेमरियावा भेजवाया गया । घटना के सम्बन्ध में थाना दुधारा को अवगत कराया गया।पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर मारपीठ विवाद में घायल व्यक्ति को ईलाज हेतु सीएचसी सेमरियावा भेजवाया।

## विश्वविख्यात भागवताचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज 09 जनवरी से वृन्दावन में कहेंगे श्रीमद्भागवत कथा



**वृन्दावन।** रमणरेती क्षेत्र स्थित फोगला आश्रम में गौसेवा परिवार, सीतारामप्यारी सोभासरिया चैरिटेबल ट्रस्ट (कलकत्ता) के द्वारा सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन दिनांक 09 से 15 जनवरी 2025 पर्यंत अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि इस सप्त दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 09 जनवरी को गाजे-बाजे के मध्य निकलने वाली श्रीमद्भागवत जी की भव्य शोभायात्रा के साथ होगा।तत्पश्चात श्रीहरिदासी वैष्णव संप्रदायाचार्य विश्वविख्यात भागवत प्रवक्ता आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा दोपहर 03 बजे से सायं 07 बजे तक देश-विदेश से आए असंख्य भक्तों-श्रृद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की अमृत कथा श्रवण कराएंगे।जिसमें सभी भक्त-श्रृद्धालु सादर आमंत्रित हैं।

## गांधी आश्रम प्रबंध समिति के इंद्रेश बने सदस्य



**संतकबीरनगर ।** क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम मगहर की सामान्य व प्रबंध समिति की एक आवश्यक बैठक की गई।जिसकी अध्यक्षता संस्था के संचालक देवेंद्र त्रिपाठी ने की। गांधी आश्रम के मंत्री रविंद्र लाल श्रीवास्तव ने बताया है कि प्रबंध समिति में इंद्रेश राम को सदस्य बनाने के लिये सभी सातों सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था में कर्मचारियों के अभाव व कार्यों के संपादन कराने में कठिनाइयों को देखते हुए कर्मचारियों के अधिवर्षता की आयु सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने का प्रस्ताव पारित किया गया।जो तत्काल प्रभाव से जनवरी 2025 से प्रभावी माना जाएगा।बैठक में देवेंद्र त्रिपाठी,रविंद्र लाल श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री रामाशीष शर्मा,श्याम बिहारी मिश्रा, राजेन्द्र उपाध्याय, इंद्राज मौर्या,वीरेंद्र दूबे,इंद्रेश राम मौजूद रहे।

# तलवंडी राणा राम बाग में ब्लॉक समिति कोटे से बनेगा शेड

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** तलवंडी राणा रामबाग में ब्लॉक समिति के कोटे से बनने वाले शेड की रविवार को नींव रखी गई।इस शेड की नींव एचसीएस नीतीश सेलपाड़ व सूबेदार गंगाराम ने रखी, जबकि पंच कर्मबीर सैन, राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़, रामप्रसाद वर्मा फौजी, पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य डा. ईश्वर सैन, डा. राजकुमार बावता, सूबेदार रामकुमार, चिमन खटाणा विशेष रूप से मौजूद रहे। यह जानकारी देते हुए राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बताया कि सूबेदार गंगाराम के प्रयासों से तलवंडी राणा रामबाग में दूसरा शेड बनेगा। जिसका आकार 60 बाय 20 फूट का होगा।इससे पहले अंतिम संस्कार में जाने वाले ग्रामीणों को गर्मी, सर्दी व बरसात के दौरान शैल्टर/शैड न होने के कारण भारी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

■ **तीन पंचों ने बनवाया था एक शेड:** इस कड़ी में जहां गांव के तीन पंच कर्मबीर सैन, बलवंत खटाणा व गौ-सेवक रामचन्द्र वर्मा पहले ही अपने कोटे से एक शेड का निर्माण करवा चुके हैं। मगर गांव की संख्या एवं रामबाग की सि्थित को को सिथित को देखते हुए एक ओर शेड की जरुरत महसुस हो रही थी।राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ के अनुसार नया शैड गोशाला की तरफ वाले गेट की तरफ ठीक श्मशान के मध्य बनवाया जाएगा। ध्यान हो कि इससे पहले तलवंडी राणा के मुख्य श्मशान घाट में जहां एक बडै शैट 60 बाई 20 फूट का निर्माण पंच कर्मबीर सैन, पंच बलवंत खटाना एवं गौ-सेवक रामचन्द्र वर्मा ने अपने व्यक्तिगत फंड के सहयोग से करवाया जा चुका है। दरअसल ये तीनों वो पंच हैं, जो कि सर्वसम्मति से चुने गए थे।

# प्रसिद्ध जैन तीर्थ पद्मावती धाम खेकड़ा में हुई मां की भक्तिमय आराधना

वेलकम इंडिया



**बागपत,विवेक जैन।** बागपत के प्रसिद्ध जैन तीर्थो में शुमार चमत्कारी श्री 1008 पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पद्मावती धाम खेकड़ा में मां पद्मावती की भक्तिमय आराधना की गयी।मां की भक्तिमय आराधना गणिनी आर्यिका श्री 105 सरस्वती माताजी के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुई।

प्रसिद्ध भजन गायक हिमांशु अग्रवाल, आर्यन जैन व सोनू सागर ने माँ पद्मावती के एक से बढ़कर एक भजन गाकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। मां पद्मावती की भक्ति आराधना में चौकी नमनकर्त्ता का सौभाग्य प्रशान्त जैन व सौम्या जैन प्रवेश विहार शास्त्री नगर मेरठ को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की आयोजनकर्त्ता श्री 1008 पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पद्मावती दिगम्बर जैन मन्दिर समिति ने माँ की आराधना में आने वाले समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर धाम के अध्यक्ष अंकुश जैन, सह कोषाध्यक्ष लाजपतराय जैन, सह संयोजक राजेश जैन रोहिणी, दीपक जैन, सुरेश जैन, अभिनव जैन, हिमांशु जैन, अमित जैन, विकल्प जैन, नेशनल अवार्डी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, विदित जैन सहित सैंकड़ों श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# जैन मिलन नगर बडौत ने किया पारिवारिक आनन्द महोत्सव का भव्य आयोजन



वेलकम इंडिया

**बागपत, विवेक जैन।** नववर्ष 2025 के शुभारम्भ अवसर पर जैन मिलन नगर बड़ौत द्वारा श्री अजितनाथ सभागार बड़ौत में पारिवारिक आनन्द महोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव की अध्यक्षता वीर सुनील कुमार जैन ने की तथा संचालन वीर वरदान जैन एवं वीर राजेश जैन भारती ने किया।

महोत्सव में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर पार्श्व विहार बड़ौत के अध्यक्ष अतुल जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।स्वागत अध्यक्ष वीर संदीप कुमार जैन पारस टिम्बर वालो ने सभी अतिथिगण का तिलक लगाकर स्वागत किया।

मंच उद्घाटन कर्ता वीर विजय कुमार जैन डी जी एम मलकपुर शुगर मिल, चित्र अनावरण सभासद नीरज जैन नीटू व सभासद राकेश कुमार जैन, दीप प्रज्वलनकर्ता वीर ललित कुमार जैन कलश कृषि उद्योग रहे। भगवान महावीर स्वामी की प्रार्थना के साथ महोत्सव का शुभारम्भ हुआ। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक वीर नरेन्द्र जैन राजकमल ने उपस्थित लोगों को भारतीय जैन मिलन द्वारा किये जा रहे धार्मिक व समाजसेवी कार्यो से अवगत कराया। उसके बाद हिमांशु अलंकार ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।इस अवसर पर डांस व खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जैन मिलन नगर बड़ौत के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह में आये सभी अतिथियों को शॉल व पटका पहनाकर व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

# कपकोट नगर पंचायत में भाजपा कांग्रेस का चुनाव प्रचार तेज



वेलकम इंडिया

**कपकोट।** नगर पंचायत कपकोट में भाजपा और कांग्रेस का पंचायत अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी सुनिश्चित करने के लिए चुनाव प्रचार अभियान जोरों पर है।भाजपा जहां अपनी मजबूत संगठन शक्ति और विकास के दावों के बीच अपने प्रत्यासी की जीत के दावे कर रही है।वही निवर्तमान पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट की पत्नी धना बिष्ट को अध्यक्ष पद पर प्रत्यासी बनाया है।ऐसे में नगर पंचायत सीट पर चुनावी घमासान तेज हो गया है। भाजपा प्रत्यासी गीता ऐठानी जहां पूर्व में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भी रह चुकी है वही लम्बे समय से राजनीतिक और सामाजिक कार्यो में अपने योगदान देती आई है।

अलबत्ता भाजपा कांग्रेस पंचायत सीट पर अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। जहां भाजपा प्रदेश में और जिले में अपनी सभी जनप्रतिनिधियों की सीट पर अपना दावा होने का दावा करते हुए भाजपा की प्रचंड जीत होने की उम्मीद जता रही है वही कांग्रेस भी अपने पंचायत कार्यकाल में नगर का समुचित विकास करने का दावा करते हुए पुनः अपनी जीत होने के दावे कर रही है। फिलहाल कपकोट में कांग्रेस के निवर्तमान पंचायत अध्यक्ष की अच्छी छवि, और पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण और पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी के चेहरे पर चुनावी मैदान में है जिनमें चुनाव में मतदाताओं पर अपनी पकड़ बनाए रखने का जिम्मा है।वही भाजपा में स्थानीय विधायक सुरेश गड़िया, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल,सहित पूर्व जिपं अध्यक्ष विक्रम शाही सहित भाजपा संगठन का संगठित होकर भाजपा प्रत्यासी के पक्ष में होना चुनावी गणित को मजबूती प्रदान कर रहा है।

# नगर पालिका चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी को मिल रहे जनसमर्थन से भाजपा-कांग्रेस की उड़ी नींद

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** नगर पालिका बागेश्वर में चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है, वही मुख्य राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के बीच कांग्रेस से बागी हुए निर्दलीय प्रत्याशी कवि जोशी द्वारा चुनाव लड़ने और अपने समर्थकों के साथ चुनाव प्रचार तेज करने के बाद अब नगर के सभी वार्डो में सभी प्रत्यासी अपने पक्ष में मतदाताओं को रिझाने के लिए जोर शोर से चुनाव प्रचार में लग गए हैं।वही चुनाव में अब राजनीतिक दलों के अलावा क्षेत्रवाद भी हावी होने लगा है।

चुनाव में बात करें तो पूर्व में पालिका सीट आरक्षित होने और बाद में बिना आपत्ति के मनमाने तरीके से सीट पुनः सामान्य किए जाने से आरक्षित वर्ग के लोगों में सीधे तौर पर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के खिलाफ नाराजगी भी देखने को मिल रही है।वही कांग्रेस में भी सामान्य सीट पर पहली जारी सूची में कांग्रेस में महामंत्री रहे और पूर्व में भी लगातार कांग्रेस संगठन को एकजुट करने के लिए लगातार जनता और संगठन हित के लिए संघर्ष करने वालेऔर नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी को प्रत्यासी घोषित करने की सूची जारी कर दी गई।जिसके बाद अचानक से प्रदेश नेतृत्व द्वारा बागेश्वर में प्रत्यासी बदलकर पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता रावल को अपना प्रत्यासी घोषित कर दिया।जिसके बाद अचानक से प्रत्यासी बदलने से कांग्रेसी कार्यकर्ता भी स्तब्ध हो गए।

वही अपनी बेदाग छवि संगठन हित और व्यापारियों के हितों के लिए लगातार संघर्षरत रहते हुए जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाने वाले युवा नेता कवि जोशी ने इसे अपना अपमान समझते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन कर सबको हैरान कर दिया।माना जा रहा है कि कवि जोशी अड़ियल और संकल्पित प्रवृति के है।जिसके बाद जनता में भी कांग्रेस द्वारा पूर्व में घोषित सूचीके आधार पर युवा नेता के राजनीतिक भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की बात कहते हुए साइलेंट वोटर के रूप में निर्णायक भूमिका में रहने वाले लोगों द्वारा कवि जोशी को समर्थन देने की बात कही है।वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर कांग्रेस संगठन द्वारा निर्दलीय चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के बागी कवि जोशी को मनाने की भी कोशिश की गई, वही कांग्रेस से नाराज चल रहे कवि समर्थकों को पार्टी हित मे पार्टी प्रत्यासी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने की चेतावनी के बाद कवि जोशी सहित नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील पांडे को निष्कासन कर कार्यकताओं को कड़ा संदेश भी दे दिया है।पर बिना स्वार्थ के अब तक चुनाव चिन्ह पर मतदान करने वाले मतदाताओं पर भी इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है।वही कुछ कार्यकर्ता पार्टी में केवल समर्थन के नाम पर केवल झंडा ढोलने वाला कार्यकर्ता होने की बात कहते हुए विकास कार्यो सहित अन्य समय मे उचित सहयोग नही मिल पाने और उपेक्षित होने पर अंदरूनी तौर पर नाराज दिख रहे हैं।ऐसे में कई कार्यकर्ता नगर निकाय में छोटे चुनाव होने की बात कहते हुए प्रत्यासी की योग्यता, उसके विकास और जनहित के मुद्दों में जनसमस्याओं के निराकरण में उसके योगदान के आधार पर मतदान करने की बात कह रहे है।ऐसे में इस बार होने वाले चुनाव में जनता राजनीतिक दलों पर विश्वास जताती है या निर्दलीय पर ये मतगणना होने के बाद ही पता चलेगा।पर नगर की11 वार्डो में मंडलसेरा के बाद सबसे अधिक मतदाता गोमती पुल से बिलौना वार्ड तक है, जिसमें सभी प्रत्यासी चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं।वही इस बार यदि भाजपा कांग्रेस की जीत हुई तो दोनों दोबारा अध्यक्ष बनेंगे।वही चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ रहे कवि जोशी की बात करें तो युवा वर्ग के प्रत्येक वर्ग के मतदाता पर उनकी अच्छी पकड़ होने, व्यापार मंडल अध्यक्ष रहते लगातार संगठन हित के लिए निस्वार्थ भाव से निर्विवाद लड़ाई लड़ने वाले युवा नेता के रूप में उन्हें जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है।जबकि पूर्व पालिका चुनाव में निर्दलीय तौर पर चुनाव लड़े युवा नेता प्रमोद मेहता को खरही क्षेत्र सहित तहसील क्षेत्र के बाशिंदों द्वारा जो सहयोग मिला था उसी तर्ज पर निर्दलीय प्रत्यासी कवि जोशी को आंदोलनकारी के साथ साथ नगर क्षेत्र की समस्याओं के लिए संघर्ष करने वाले युवा नेता की छवि के तौर पर लोगों का समर्थन मिल रहा है। भाजपा कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने वाले लोग भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर समर्थन देते नजर आ रहे हैं। जिस कारण दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों में भी खलबली मची हुई है।जिस कारण राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा भी कोई स्पष्ट अनुमान नही लगाया जा रहा है।अब लोगों में भी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए धनबल से मतदान के आंकड़े बदलने की कोशिश होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी झांसी की अध्यक्षता में किया

वेलकम इंडिया



**झांसी।** जिला की तहसील गरौठा में आज संपूर्ण समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद की अध्यक्षता में एवं उपजिला अधिकारी गरौठा की मौजूदगी में किया गया संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्रीय ग्रामों से आए शिकायतकताओं ने ऐसी कड़ाकी की ठंड को ना देखते हुए गरौठा तहसील प्रांगण में आकर अपने-अपने शिकायती पत्रो की रसीद कटवा कर लंबी कतार में खड़े हो गए आज के शिकायती पत्र कुल 45 आए जिनमें से पुलिस विभाग के 18 विद्युत विभाग के 4 विकासखंड के 3 राजस्व विभाग के 12 एवं अन्य 8 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर मुख्य विकास अधिकारी एवं उप जिला अधिकारी गरौठा तथा तहसीलदार गरौठा की देखरेख में 6 शिकायती पत्रों का निस्तारण किया गया एवं शेष शिकायती पत्रों को संबंधित विभागों को सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि उन शिकायती पत्रों का जल्द से जल्द निस्तारण करें यदि अविलम निस्तारण किया तो संबंधित विभाग के कर्मचारी को बक्सा नहीं जाएगा।

इस मौके पर अधिशासी अभियंता गरौठा सोनू यादव अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार अविश्वासी अभियंता गुरसराय सौरभ सिंह एवं खंड विकास अधिकारी बामोर गौरव कुमार खंड विकास अधिकारी गुरसराएं मनोज कुमार खंड विकास अधिकारी बामौर श्याम प्रकाश तथा गरौठा कोतवाली प्रभारी बलराज शाही गुरसराय थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे ककरबई थाना प्रभारी विनय साहू एवं एरच थाना प्रभारी नीलेश कुमारी लहचूरा थाना अध्यक्ष रमेश चंद्र एवं राजस्व विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा मनाया गया राजयोगिनी कविता दीदी का 21वां समर्पण दिवस



वेलकम इंडिया

**गुरसराय(झाँसी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा गुरसराय केंद्र प्रभारी बीके राजयोगिनी कविता दीदी का भव्य 21 वां समर्पण दिवस एवं नए वर्ष के उपलक्ष्य में विशाल कार्यक्रम और ब्रह्मा भोजन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कन्याओं द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुति एवं स्वागत गीत गाकर किया गया। तत्पश्चात केक काटकर बड़े ही धूमधाम से 2025 का शुभारम्भ और समर्पण दिवस मनाया गया।

मऊरानीपुर केंद्र प्रभारी बी के चित्रा दीदी ने कविता दीदी को समर्पण दिवस की बधाई देते हुए कहा आप 28 वर्षों से ईश्वरीय सेवाएं अनेक जगह जैसे रीवा,ग्वालियर,भोपाल और वर्तमान में गुरसरॉय क्षेत्र मे सेवायें दे रही है।ईश्वरीय यज्ञ में 21 वर्ष आपको समर्पित हुए हो चुके हैं,साथ ही हम सभी के लिए यह जनवरी मास तपस्या मास है,जिसमें हम सभी भाई बहने अधिक से अधिक योग और मन एवम मुख से मौन में रहने का प्रयास करे।

# आजाद समाज पार्टी ने की समीक्षा बैठक आयोजित दिए कड़े निर्देश

वेलकम इंडिया



**कांधला।** नगर के सरकारी अस्पताल के निकट एक स्कूल में आजाद समाज पार्टी के द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में जिला अध्यक्ष के द्वारा कार्यकताओं को पार्टी हित के लिए कार्य करने के दिशा निर्देश दिए गए एवं कई लोगों को पार्टी में पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया।इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे। रविवार को नगर के सरकारी अस्पताल के निकट गोल्डन अकैडमी पब्लिक स्कूल में आजाद समाज पार्टी के द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला अध्यक्ष अक्षय बोकाडिया, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी नीटू गौतम ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष को छोड़कर सभी पदों पर दोबारा से नियुक्ति की जाएगी। आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारी लगन और मेहनत के साथ कार्य नहीं कर रहे हैं नहीं लोगों के बीच पहुंचकर अपनी बात सही तरीके से कर रहे हैं। इस दौरान सभी कार्यकताओं को लगन और मेहनत के साथ कार्य करने के दिशा निर्देश दिए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने वाहनों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे और आगामी चुनाव 2027 को लेकर जनता के बीच पहुंचकर पार्टी की नीतियों पर कार्य करेंगे। कोर कमेटी सदस्य राजकुमार सैनी ने कहा कि जो देश में आज हालत है उसे देखकर आज महंगाई बेरोजगारी इतनी बढ़ गई है कि खाने तक के लाले पड़ गए हैं। भाजपा सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही है और जनता को हिंदू मुस्लिम में बाटकर राज करना चाहती है। इस दौरान कई लोगों को पार्टी में पदाधिकारी बनाते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र दिए गए।इस दौरान समीक्षा बैठक में आजाद समाज पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हरियाणा मुख्यमंत्री की सभा में शामिल हुए सैकड़ो लोग



**कांधला।** सहारनपुर जनपद के कस्बा रामपुर मनिहारान में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सभा में शामिल होने के लिए नगर से सैकड़ो लोग भाजपा सभासद की अगुवाई में बसों में रवाना हुए, सैनी समाज के द्वारा सभा में शामिल होने वाले सर्व समाज के लोगों का जोरदार स्वागत किया गया। रविवार को सहारनपुर जनपद के रामपुर मनिहारान में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का मुख्यमंत्री बनने के बाद उत्तर प्रदेश में प्रथम बार आगमन होने पर सभा आयोजित की गई। नगर से कई बसों में भाजपा सभासद यशु सैनी की अगुवाई में सैंकड़ों लोग बसों से रामपुर मनिहारान के लिए रवाना हुए। भाजपा सभासद यशु सैनी ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश में पहुंचे हैं इस दौरान उनकी सभा में भाषण सुनने के लिए सर्व समाज से लोग पहुंचे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ-साथ भाजपा सरकार हरियाणा में भी सर्व समाज का विकास कर रही है। आगामी 2027 में उत्तर प्रदेश में भी फिर से भाजपा सरकार परचम लहराएगी। इस दौरान नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर पहुंचे सैंकड़ों लोगों का सैनी समाज के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

# भारतीय सेना से रिटायर होकर आए जवान का किया स्वागत



**वाराणसी।** मिजार्मुराद थाना अंतर्गत अतरसुइया गांव के ओमकार सिंह भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर थे, 1999 में कारगिल युद्ध में भी भूमिका निभाकर अपना योगदान भी दिए हैं, 1 जनवरी को अपने पद से सेवा-निवृत्त होकर वाराणसी आए वहीं परिवार के साथ उनके बेटे आशीतोष राणा एवं साथियों के साथ कैंट से शिवपुर तक माल्यार्पण कर काफिले के साथ आए, उसके पश्चात शिवपुर से अपने जन्मभूमि अतरसुइया पहुंचे वहां ग्रामवासियों ने भी भव्य स्वागत किया।

# ठंड से अधेड़ की मौत

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** पटेलनगर डंगहरिया (मिजार्मुराद) गांव निवासी हरिनारायण पटेल उम्र (50) वर्ष की ठंड लगने से शनिवार की देर रात मौत हो गया। जानकारी के अनुसार हरिनारायण पटेल शनिवार की रात आठ बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में जाकर सो गए।करीब एक घण्टे बाद हरिनारायण को कपकपी देते हुए तेज ठंड लगने लगा और सीने में दर्द चालू हो गया।कमरे में पहुंचे परिजनों ने इलाज हेतु हरिनारायण को कछवांरोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने बताया कि इनको ठंड लगी है तत्काल शहर के किसी बड़े अस्पताल में ले जाए परिजन लेकर जा रहे थे की रास्ते में ही हरिनारायण की मौत हो गई।मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा व दो बच्चों का पिता बताया गया।परिजन रविवार की सुबह शव का दाह-संस्कार कर दिये।

# कड़ाके की ठंड में भी नही जलाए जा रहे चट्टी-चौराहों पर अलाव

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** कड़ाके की ठंड से क्षेत्र ठिठुर रहीं है।लेकिन प्रशासन की ओर से रविवार को भी अलाव की व्यवस्था कही भी नही दिखाई दे रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर अलाव न जलाए जाने से राहगीरों सहित बेजुबानों को परेशानियां हो रही है। जबकि सरकार का सख्त निर्देश है कि सार्वजनिक स्थलों समेत चट्टी-चौराहों पर अलाव ठंड को देखते हुए जलने चाहिए। परन्तु तहसील के आलाधिकारियों की उदासीनता से कही भी अलाव नही जलाया जा रहा है। क्षेत्र के कछवांरोड चौराहा, चित्रसेनपुर सब्जी मंडी, छतेरी, रूपापुर, डंगहरिया, लालपुर चट्टी, राने चट्टी, मिजार्मुराद, खजुरी, बेनीपुरी, मेंहदीगंज, रखौना समेत दर्जनों चट्टी-चौराहों पर ग्रामीण अजय पटेल, अवनीश दुबे, अमृतलाल यादव, लक्ष्मण, अनूप मिश्रा, अमन यादव, आदित्य गुप्ता, रिशु विश्वकर्मा, इन्द्रकांत, अंकित चौबे समेत दर्जनों ग्रामीणों ने प्रशासन से अलाव जलवाने का मांग किया है।

# वलीमा में चली गोली एक युवक घायल हायर सेंटर रेफर

**औरंगाबाद /बुलंदशहर।** कस्बे में एक शादी प्रोग्राम के दौरान गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन फानन में घायल को अस्पताल ले गए। हालत नाजुक देख चिकित्सक ने हायर सैंटर रैफर कर दिया। पुलिस ने घटना से अनभिज्ञता जताई है। रविवार को पवसरा रोड स्थित सैनी फार्म हाउस में एक वलीमा प्रोग्राम चल रहा था। इसी दौरान गोली चल गई और एक युवक की जांघ में जा लगी। गोली चलते ही फार्म हाउस में अफरातफरी मच गई। घायल को तत्काल चिकित्सक के यहां ले जाया गया जहां नाजुक हालत देख उसे नोएडा रैफर कर दिया गया। कस्बे में हो रही चर्चा के अनुसार घायल का नाम अनस बताया जा रहा है। कोई हर्ष फायरिंग का मामला बता रहा है तो कोई आपसी लेन-देन का विवाद बता रहा है।

# एसएस हॉस्पिटल के कैंप में दर्जनों ग्रामीणों को मिला उपचार




वेलकम इंडिया

**माल, लखनऊ।** एस एस हॉस्पिटल के द्वारा लगातार क्षेत्र में कैंप लगाकर किया जा रहा निःशुल्क इलाज।

आपको बता दें कि नबीपनाह में स्थित एस एस हॉस्पिटल के द्वारा रविवार को कई गांवों में निशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के ग्रामीण अंचलों से कई ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई एवं परामर्श लिया। जिसमें हॉस्पिटल एम डी- श्री श्रीकांत मौर्य व उनकी टीम के द्वारा बच्चों, बुजुर्गों, महिलाएं सहित सभी बीमारियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर में दर्जनों ग्रामीणों ने अपनी जांच कराकर दवा प्राप्त की।

# आभा फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन : आभा सिंह

वेलकम इंडिया



**चाँदपुर।** समाजसेवी संस्था 'आभा फाउंडेशन' द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 2350 लोगों की जांच की गई, जिसमें से 325 मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जायेगा। जबकि 2025 लोगों को निःशुल्क चश्मे व दवाइयों का वितरण भी किया जायेगा।

शिविर में बड़ी संख्या में लोग लाभ लेने पहुंचे और आयोजन की सराहना की। आभा फाउंडेशन ने समाज में जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव अग्रणी रहने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। आपको ज्ञात हो कि नवंबर 2024 में भी निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के तहत लगभग 2000 लोगों ने लाभ उठाया था। इसके अलावा, दिसंबर 2024 में निःशुल्क रजाई वितरण कार्यक्रम के तहत 5000 रजाइयों का सफलतापूर्वक वितरण किया गया था।

आज के सफल आयोजन के लिए आभा फाउंडेशन की संस्थापक आभा सिंह ने अपनी पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे और इसकी जानकारी समय-समय पर समाचार पत्रों व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को दी जाती रहेगी। आभा फाउंडेशन ने समाज में एक मिसाल कायम की है। संस्था कई प्रकार के समाज सेवा कार्यों जैसे–बेटियों की शादी में मदद, सर्दियों में रजाई वितरण, सिलाई-बुनाई व कढ़ाई सेंटर, कंप्यूटर सेंटर, बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए राशन वितरण आदि करके जरूरतमंद लोगो की मदद का काम समय समय पर करती रहती है। अपने वक्तव्य में आभा सिंह ने अपने पति पुष्प राज को अपनी प्रेरणा का स्रोत बताया।

# दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** मिजार्मुराद पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे बड़ी खजुरी (मिजार्मुराद) गांव निवासी दीपक कुमार को मुखबिर की सूचना पर मेंहदीगंज यात्री स्टैंड के पास से रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करने के बाद जेल भेज दी।

मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र के गांव की 15 वर्षीया किशोरी बीते 18 दिसम्बर 24 को खेत में घास कर रही थी उसी समय बड़ी खजुरी गांव निवासी शादी शुदा युवक दीपक कुमार खेत में पहुंच किशोरी को बहाल-फुसलाकर भगा ले गया और किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के बाद दूसरे दिन रिंगरोड पर छोड़कर किशोरी को भाग निकला था।किशोरी के परिजन किशोरी की खोजबीन करते हुए पहुंचे तो किशोरी मिली और परिवार को आप बीती बताई।जिसपर किशोरी के पिता के तहरीर पर युवक के खिलाफ धारा 65(1)/137/(2)/87 भारतीय न्याय संहिता व 3/4(2) पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।तभी से पुलिस युवक के तलाश के जुटी थी जिसको गिरफ्तार करने के बाद लिखा पड़ी के बाद जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी के साथ एसआई अमरीश कुमार राय, महिला एसआई अनुजा गोस्वामी, कांस्टेबल राजू सोनकर, चंचल यादव व हरिराम शुक्ला रहे।

# बिलौना वार्ड में कवि जोशी का खुला चुनावी कार्यालय

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** नगर पालिका चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी कवि जोशी के समर्थन में विभिन्न वार्डो में चुनाव प्रचार जोरों में है,पालिका के सैम मन्दिर वार्ड, ज्वालादेवी वार्ड,नारायणदेव वार्ड में लगातार क्षेत्रीय आधार पर निर्दलीय प्रत्याशी को पर्याप्त जनसमर्थन मिल रहा है, वही मंडलसेरा कठायत बाड़ा क्षेत्र में भी लगातार चुनाव प्रचार तेजी से चल रहा है।

वही निर्दलीय प्रत्याशी कवि जोशी द्वारा बिलौना वार्ड में चुनावी कार्यालय का शुभारंभ हुआ। जिसमेंबिलौना वासियों ने निर्दलीय प्रत्यासी को संघर्षशील, जनहित के लिए संघर्ष करने वाले, लगातार लोगों की जनसमस्याओं के लिए आवाज उठाने वाले युवा नेता बताते हुए चुनाव में उन्हें वार्ड से अप्रत्याशित मत दिलाकर उन्हें चुनाव में विजयी बनाने का आश्वासन दिया।साथ ही युवा नेता कवि जोशी ने सभी मतदाताओं से पार्टी संगठन द्वारा अपमानित करने, और पूर्व में प्रत्यासी बनाने के बाद राजनीतिक हत्या करने का आरोप लगाया।साथ ही चुनाव नही लड़ने के लिए मिल रहे जनसमर्थन को दबाने के लिए उन्हें चुनाव नही लड़ने का दबाव बनाने की बात कही।कहा कि लगातार वे जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करते आए है और लगातार करते भी रहेंगे।उन्होंने अपने साथ हुए अन्याय में आम नगरवासियों से नगर के समुचित विकास में सभी नगरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करने का वचन दिया।साथ ही विभिन्न वार्डो की मूलभूत समस्याओं का संकल्पपत्र बनाकर प्राथमिकता से निराकरण करना अपनी प्राथमिकता बताया।वही लोगों से अब तक दलीय आधार पर मतदाताओं को अपनी जागीर समझने वालों को करारा जबाब देते हुए अध्यक्ष पद पर जीत दिलाने की अपील की।वही ज्वालादेवी वार्ड में स्थानीय महिलाओं ने घर घर जाकर चुनाव निशान बस को वोट देने की अपील की।वही बिलौना में कार्यालय उद्घघाटन के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी कवि जोशी को स्थानीय वाशिंदों द्वारा व्यापक रूप से जनसमर्थन दिया गया। कार्यालय का उद्घघाटन में प्रत्यासी कवि जोशी तारा सिंह गड़िया, मोहन चन्द्र पाण्डेय, भूपेंद्र घनोला,जगत मनराल, सुरेश पाण्डेय,चंदन पाण्डेय, हिमांशु दफौटी,मनोज घनोला, दीवान चनियाल, ललित पाण्डेय, नवीन आर्या, गोपाल टम्टा, प्रभु नेगी, नैन सिंह नेगी,शीला घनोला, दिवान सिंह घनोला,हरीश पाण्डेय,ललित थापा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# अभिभाषक संघ धौलपुर का हुआ शपथ ग्रहण समारोह' आयोजित

वेलकम इंडिया



**धौलपुर।** अभिभाषक संघ की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीशचंद के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह में अभिभाषक संघ अध्यक्ष प्रशांत हुंडावाल के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद गुर्जर, उपाध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, महासचिव विशाल शर्मा, ऑडिटर नरेशचंद्र, संयुक्त सचिव पुष्पेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, पुस्तकालय सचिव चंद्रशेखर को भी जिला न्यायाधीश सतीशचंद ने पद की गरिमा की शपथ कराई।इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए जिला जज सतीश चंद ने कहा कि नवीन कार्यकारिणी युवाओं से भरी है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के अनुभव को लेकर बार और बेंच के बीच में मधुर संबंध स्थापित करें। उन्होंने नवीन कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाह पूरी पारदर्शिता और स्पष्टता के साथ करे। नए अध्यक्ष प्रशांत हुंडावाल के साथ काम करेंगे। अध्यक्ष प्रशांत हुण्डावाल ने कहा कि मैं सभी अधिवक्ताओं को विश्वास दिलाता हूं कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के दिशा निर्देशन में युवा अधिवक्ताओं को साथ लेकर उनके कंधे से कंधा मिलाकर अधिवक्ताओं के हित के लिए सदैव संघर्ष करूंगा और अधिवक्ता हित मेरे लिए सर्वोपरि रहेगी। अध्यक्ष हुंडावाल ने कहा कि मैं समस्त अधिवक्ताओं को साथ लेकर सदैव अधिवक्ताओं के साथ कार्य करूंगा और बार बेंच की गरिमा को बनाए रखूंगा। न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं की जो समस्या है उनके निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष नीरज शर्मा एवं एमएसीटी जज प्रीति नायक ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर मुख्य चुनाव अधिकारी महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि मैं समस्त धौलपुर अभिभाषक संघ के अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने कार्यकारिणी के चुनाव में मुझे अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।इस अवसर पर अतिथि के रूप में एमएसीटी जज प्रीति नायक, विशिष्ट न्यायाधीश नमृता पारीक, एडीजे सावित्री आनंद निर्भीक, एसीजेएम भीमसिंह मीणा, एडीएम धीरेंद्र सोनी, एसीबी के पुलिस उप अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह सहित न्यायिक अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# अंसारी पब्लिक स्कूल का शिलान्यास: शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति

वेलकम इण्डिया



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** शिक्षा का महत्व किसी भी समाज की तरक्की के लिए आधारभूत है, और इसी सोच के साथ शोहरतगढ़ कस्बा स्थित डॉ. अंसारी परिवार ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। उनके द्वारा स्थापित किए जा रहे अंसारी पब्लिक स्कूल ( अंसारी ग्रुप ) का शिलान्यास समारोह रविवार को मड़वा स्थित डॉक्टर अंसारी हॉस्पिटल पर धूमधाम से संपन्न हुआ। यह स्कूल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगा, बल्कि क्षेत्र के बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।शिलान्यास समारोह में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, शिक्षाविदों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस दौरान डॉ. अंसारी परिवार के डॉ सरफराज अंसारी अपने संबोधन में कहा, अंसारी पब्लिक स्कूल का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता और संस्कारों का निर्माण करना है।₹ उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल में आधुनिक सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और तकनीकी विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

अंसारी पब्लिक स्कूल की स्थापना से क्षेत्र में शिक्षा का स्तर और बेहतर होने की उम्मीद है।

स्कूल में उन्नत तकनीक, आधुनिक प्रयोगशालाएं, स्मार्ट कक्षाएं और अनुभवी शिक्षक बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देने के लिए समर्पित रहेंगे।यह कदम केवल बच्चों के भविष्य को संवारने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के विकास में भी एक बड़ा योगदान देगा।उन्होंने कहा कि डॉ. अंसारी परिवार ने हमेशा शिक्षा को समाज सुधार का सबसे प्रभावी माध्यम माना है। इस स्कूल की स्थापना उनके इसी दृष्टिकोण का प्रमाण है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि विद्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए विशेष छात्रवृत्ति की व्यवस्था होगी, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।अंसारी पब्लिक स्कूल का शिलान्यास केवल एक इमारत की नींव नहीं, बल्कि शिक्षा की एक नई क्रांति की शुरूआत है। यह पहल समाज के अन्य लोगों और संस्थाओं को भी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी।बताते चलें कि अंसारी पब्लिक स्कूल प्ले वे से कक्षा 6 तक शिक्षा उपलब्ध कराएगा विद्यालय सी बी एस इ बोर्ड के अधीन संचालित होगा।शिलान्यास के दौरान फाउंडर मेम्बर अजीजूररहमान अंसारी , आतिफ अहमद ,अहमद फराज फौजिया निशात, जवेरिया मरियम, डॉ शादाब अंसारी , निशात अंसारी , डॉ सरफराज अंसारी , डॉ रूही परवीन ,ई आर एजाज अंसारी, डॉ अशिमा हफीज नूर आलम अंसारी, नजीर अहमद , मो शमीम , कलाम ठीकेदार , बृजेश द्विवेदी , अक्षय बाबा ,महेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया उत्तरायणी मेले का पोस्टर विमोचन एवं टीजर का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने रविवार को जिला सभागार में उत्तरायणी मेले का पोस्टर विमोचन एवं टीजर का शुभारंभ किया। उसके बाद प्रेसवार्ता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मेले को भव्य बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर है।

मेले का शुभारंभ 13 जनवरी को तहसील परिसर से झांकी के साथ होगा। झांकी में विभिन्न स्कूलों के अलावा पारम्परिक पोशाक में सांस्कृतिक दल शामिल होंगे। जिसमें आर्मी बेंड भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। जिसके बाद मुख्य मंच नुमाईश खेत में मेले का शुभारंभ समारोह होगा। मेले अवधि में स्कूली बच्चे,स्थानीय कलाकार प्रतिभाग करेंगे व स्टार नाइट भी होगी।

मेले को भव्य आयोजन के साथ ही आकर्षक बनाने का हरसंभव प्रयास किया गया है।इसके अलावा खेलों को बढ़ावा देने के लिए मेले में बैटमिंटन प्रतियोगिता, बालीबाल, दंगल एवं रैम्प शो प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। रैम्प शो कार्यक्रम में कुमाऊनी,गढ़वाली जौनसार की पारम्परिक परिधानों के साथ ही स्थानीय पारम्परिक परिधानों का भी रैम्प शो कार्यक्रम होगा। इस दौरान अपरजिलाधिकारी एनएस नबियाल, उपजिलाधिकारी मोनिका, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, तहसीलदार दलीप सिंह बिष्ट,हयात सिंह परिहार आदि उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों का एसडीओ कार्यालय के बाहर चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा

**कनीना।** रविवार को कनीना में बिजली विभाग के कर्मचारियों का एसडीओ कार्यालय के बाहर चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। कनीना में दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम उपमंडल कार्यालय के समक्ष कर्मचारियों ने हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग रखी। रविवार की अध्यक्षता करते हुए सुरेश कुमार एफम ने बताया कि घटना को 20 दिन बीत गए, किंतु आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया। रविवार अध्यक्षता के मंच संचालक सब यूनिट प्रधान हवा सिंह यादव ने बताया कि पुलिस व निगम मैनेजमेंट के ढुलमुल रवैया के करण आरोपी आज तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं। जबकि सभी कर्मचारियों द्वारा निगम मैनेजमेंट को नोटिस भी पहुंचा दिया गया हैं। रविवार की अध्यक्षता के मंच संचालक सब यूनिट प्रधान हवा सिंह ने यह भी बताया कि हमलावरों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली हैं इस लिए अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। सभी कर्मचारियों का कहना है कि शनिवार के तीसरे दिन प्रेस माध्यम से माननीय उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कनीना से आग्रह किया जा चुका है अत रविवार के चौथे दिन पुनः आग्रह करते हैं अन्य दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। अगर धरने के चौथे दिन बाद भी पुलिस प्रशासन आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती हैं तो धरने को डिवीजन लेवल तक बढ़ा दिया जाएगा। मंगलवार 7 जनवरी 2025 को सभी कर्मचारी मिलकर उपमंडल कार्यालय (नागरिक) कनीना को ज्ञापन देंगे और आगे को रण नीति तय की जाएगी। इस मौके पर केंद्रीय नेता महावीर पहलवान, मंच संचालक महेश गोमला सर्कल सैक्ट्री, शिव कुमार यादव एपीएस एचसइवी यूनियन, मंच संचालक शंकर लाल जेई, राजेंद्र कपूरी एससीबीसी यूनियन, मनोज कुमार जेई यूनिट सचिव, हवा सिंह सब यूनिट प्रधान, संदीप एफम, आनंद जेई, राकेश एफम, महेंद्र अलम, विकास पूर्व प्रधान, पवन एअलम, मनोज कुमार एअलम सीसी, धर्मवीर एअलम, संजय कुमार एअलम सहित अन्य बिजली कर्मचारी उपस्थित मौजूद रहे।

# एसपी ने इंडो नेपाल बार्डर व थाना चौकी का किया औचक निरीक्षण



वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थनगर/मोहाना।** एसपी अभिषेक महाजन द्वारा आगामी मकर संक्रान्ति, गणतन्त्र दिवस को देखते हुये। इंडो-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा ककरहवा तथा थाना मोहाना के चौकी ककरहवा/लालपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले पुलिस अधीक्षक द्वारा भारत-नेपाल बार्डर पर एसएसबी 43वीं वाहिनी के जवानों व मोहाना पुलिस बल के साथ निरीक्षण किया गया तथा तत्पश्चात थाना मोहाना के चौकी ककरहवा के चौकी परिसर का निरीक्षण किया गया तथा। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारी सदर, मोहाना थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा, चौकी प्रभारी राकेश त्रिपाठी व थाना मोहाना पर नियुक्त अधिकारी/ कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे ।

# हिन्दू युवा वाहिनी की बैठक में बरेली की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिद्वराज सिंह की अध्यक्षता में पीलीभीत रोड स्थित दिव्यानी लॉन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के पदाधिकारियों की मौजूदगी में बरेली और आंवला की जिला कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष और सभी नौ विधानसभा अध्यक्षों को नियुक्त करने पर चर्चा की गई। आम सहमति से पदाधिकारियों को नियुक्त कर हिन्दू और समाज हित में सेवा करने की शपथ दिलाई गई।

हिन्दू युवा वाहिनी की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिसमें प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिद्वराज सिंह द्वारा बरेली एवं आंवला जिले की कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें अजय प्रताप सिंह को प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया है। बरेली जिले की जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी ठाकुर सर्वेश सिंह को दी गई है।

वहीं आशुतोष दुबे को महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। आंवला का जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी शिवेक खंडेलवाल को बनाया है। राजबहादुर पटेल को बिथरी विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है वहीं गोविंद सिंह को फरीदपुर विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभी कार्यकारिणी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देने के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिद्वराज सिंह ने सभी को हिन्दू एवं समाज हित में कार्य करने की शपथ दिलाई। शिवांश तोमर जिला कोषाध्यक्ष, ठाकुर अनुराग सिंह को जिला मंत्री, इस अवसर पर अंशु नालानी, महेंद्र गंगवार, आवेश कुमार, मन्नत ठाकुर, बंटी जुनेजा, अंकित ठाकुर, माधव मिश्र, कशिश सक्सेना, राजभाई शांतनु शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक विधायक ने जरूरतमंदों में किया कंबल वितरित



वेलकम इण्डिया

**उसका बाजार/सिद्धार्थनगर।** कस्बा के मथुरा नगर वार्ड में रविवार को कंबल वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वार्ड के 315 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वार्ड के हरिराम, बीपत , नंदलाल, नाजिमा खातून, गुलाबी, शुशीला देवी, निर्मला ,सविता आदि में कंबल का वितरण शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी और सभासद मयंक पाण्डेय द्वारा किया गया। ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा आवंटित कंबल का वितरण जरूरतमंद लोगों के बीच किया जा रहा है। इस कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर लोग काफी खुश हुए।

इस अवसर पररामेश्वर पाण्डेय, राम उजागिर पाण्डेय, श्रीधर पाण्डेय, मजीबुल्लाह उर्फ मुजीब , सौरभ पाण्डेय, लेखपाल रमेश , राम सेवक गुप्ता , राम नवल पाण्डेय, लेखपाल अमित पाण्डेय, ओम प्रकाश त्रिपाठी, बदरी पांडेय, मोचन, शशि भूषण दूबे, हरिशंकर सिंह आदि रहे।

# दो युवकों ने दलित युवक को पीटा,मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**हापुड़।** शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमे दो युवक एक दलित युवक की पिटाई कर रहे है,प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए मारपीट करने वाले दोनों युवकों के विरुद्ध पीड़ित के चाचा की तहरीर पर नगर कोतवाली में सुसंगत धारा 115 (2), 352, 351(2), 3(1)(द), 3(1)(घ) में एफआईआर दर्ज की गई है। आपको बता दें शनिवार को रात के समय दों दबंगों ने एक युवक को रात के अंधेरे में बुलाकर लात घूसों व थप्पड़ मारकर जमीन पर गिराकर पिटाई की थी। जिसका आरोपियों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में दो आरोपी पिटाई का जिक्र कर युवक को जमीन पर बैठाकर पैर छूने के लिए बोलते हैं और उसके बाद दबंग युवक लात घूसों की उस पर बरसात कर देते हैं। वही दूसरे वीडियो में भी युवक के साथ एक दबंग आरोपी गिराकर उसकी पिटाई करता नजर आ रहा है। तो वहीं पीड़ित के चाचा ओमप्रकाश ने भतीजे की मारपीट करते हुए वीडियो वायरल करने वाले युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मेरा भतीजा जतिन पुत्र स्वर्गीय कलवा निवासी गंगापुर इंटर का छात्र हैं। जो कि दीवान इंटर कॉलेज में पढ़ता हैं। मेरे भतीजे जतिन को आरोपी वंश और वासु ने किसी बहाने सें देवलोक कॉलोनी की टंकी के पास रात के अंधेरे में बुलाया था और लात घूसों सें मारपीट करते हुए धमकी दी थी। तूने अगर कहीं शिकायत की तो अभी कम मारा हैं। तुझे बाद में और देखेंगे और जाति सूचक शब्द कहते हुए गाली गलौच करते हुए भगा दिया था और मारपीट करते हुए वीडियो बना ली थी।

# दो पत्नियों के चक्कर में पहली पत्नी ने पति को पेड़ से बांधकर जमकर पीटा, वीडियो वायरल

वेलकम इण्डिया



**चिल्हियां/सिद्धार्थनगर।** जिले के थाना क्षेत्र चिल्हियां अन्तर्गत सम्पत्ति विवाद को लेकर एक महिला ने पति को पेड़ से बांधकर खूब पीटा है। तत्पश्चात घटना की जानकारी पुलिस को हुई तो पुलिस ने व्यक्ति को छुड़ाया और महिला का शान्ति भंग की आशंका में पुलिस ने चालान किया है। आपको बता दें कि चिल्हियां थाना क्षेत्र ग्राम टेकनार निवासी गौरीशंकर की शादी 20 वर्ष पूर्व करौना गांव की राधा से हुई थी। बाद में पीड़ित ने भावपुर की राधिका से शादी कर ली और पहली पत्नी को छोड़ दिया। राधा से गौरीशंकर को एक बेटा भी है। उनकी पहली पत्नी बेटे के साथ मायके करौना में रहने लगी। राधिका से शादी के बाद से आये दिन सम्पत्ति बंटवारे को लेकर गौरीशंकर व राधा का विवाद होने लगा। इस बात को लेकर शुक्रवार को भी दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। इसके बाद राधा ने गौरीशंकर को टेकनार में एक पेड़ से बांध दिया और उनकी जमकर पिटाई की। किसी ने इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। हालांकि संवाददाता प्रसारित वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। घटना कुछ देर बाद पुलिस के संज्ञान में आयी तो उन्होंने मौके पर पहुंची और गौरीशंकर को छोड़वाया।

इस सम्बन्ध में चिल्हिया थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद ने बताया कि गौरीशंकर ने दो शादियां की है। उनके पिता अपनी अधिकांश सम्पत्ति बेच दी। जो सम्पत्ति बची हुई थी, उसे उनकी मां ने गौरीशंकर की दूसरी पत्नी के बच्चों के नाम वरासत कर दिया। अब सम्पत्ति को लेकर आये दिन गौरीशंकर का पहली पत्नी से विवाद होता है।

# कबीर साहित्य परिषद -भारत की मासिक गोष्ठी आयोजित की गई

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** कबीर साहित्य परिषद -भारत की मासिक काव्य गोष्ठी असौड़ा सम्पन्न हुई। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष मा. सुरेन्द्र खेड़ा ने की मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि विजय वत्स व मुख्य अतिथि हाफिज मोहम्मद अरशद जी ने की। गोष्ठी कि शुरूआत डा.सागर की सर्वधर्म समभाव की प्रार्थना से प्रारंभ हुई। गोष्ठी के आयोजक उस्ताद जमशेद माहिर जी पढ़ा कि.....हम से रसमन ही मिला है वो। मिला है जब भी कैसे ओरों से मिलता होगा।। कवि विजय वत्स जी ने पढ़ा कि...हम तो सबसे ही प्यार करते हैं। जान सब पर ही, निसार करते हैं।। बेखौफ शायर डा.नरेश सागर ने पढ़ा कि.... खुदगर्जी की ओढ़ के चादर,सोए हुए हैं शहर के लोग।अपने मतलब की दुनिया में,खोए हुए शहर के लोग।।कवि सुरेन्द्र खेड़ा ने कुछ यूं पढ़ा कि..शक चोरी का था तो बताया क्यूं था। चोर को पड़ोस में बसाया क्यूं था।। डा.सुनील सरकार ने पढ़ा कि... कोई तो मिलेगा यूं सफर में। यूं बैचेन होना भी अच्छी बात नहीं। संस्था के संस्थापक/ महासचिव डा. सागर ने ये भी कहा कि..हमनें हाथ पकड़ने सीखें है टांग खींचना नहीं। उपस्थित कवियों में अंकित इंकलाब, मुकेश प्रजापति, विजय वर्मा हिंद, बुद्ध प्रकाश नबाव, सचिन सागर, लोकेश अकेला , रजनीश पायलेट आदि उपस्थित रहे साझा मंच संचालन अंकित इंकलाब व डा.सुनील सरकार ने किया।

# युवा प्रतिभा महोत्सव कबड्डी का फाइनल जीएस इंटरनेशनल स्कूल जचौन्दा ने जीता

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** श्री सिद्धिविनायक महाविद्यालय द्वारा आयोजित युवा प्रतिभा महोत्सव के कबड्डी की जीती हुई टीमों के सेमीफाइनल और फाइनल मैच कराये गये। फाइनल मैच में जी.एस. इंटरनेशनल स्कूल जचौन्दा, ने सी.एन.एस. इंटर कॉलेज आशागड़ी को हराकर विजेता बनी। फाइनल मैच का शुभारंभ गणेश जी की प्रतिमा की समक्ष दीप जलाकर व माल्यार्पण करके किया।

सह निदेशक सतीश शर्मा एडवोकेट और विपुल शर्मा एडवोकेट द्वारा कबड्डी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके उनका उत्साहवर्धन किया। रविवार को आयोजित कबड्डी के मैचों में कबड्डी के सेमीफाइनल मैच में सीएनएस इंटर कॉलेज आशागड़ी ने भगवान इंटर कॉलेज नीमगांव को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अन्य लीग मैचों में राधारमन इंटर कॉलेज, भगौसा ने मां लीलावती इंटर कॉलेज, बाटी पर जीत दर्ज की। भगवान इंटर कॉलेज नीमगांव ने राधा कृष्ण इंटर कॉलेज कौन्हाई पर जीत दर्ज की। जीएस इंटरनेशनल स्कूल ने मानव भारती इंटर कॉलेज जुल्हेंदी पर जी दर्ज की। प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा, शिक्षा निदेशक महेश चंद्र अग्रवाल ने विजयी छात्रों के टीम को शुभकामनाएं दी। रेफरी की भूमिका पीटीआई दिलीप यादव, कोच कन्हैया चौधरी ने निभाई। विधि विभागाध्यक्ष भारत उपाध्याय एडवोकेट ने सभी का आगुंतकों का आभार व्यक्त किया।

# भगवानदास कुशवाहा बनें सेवा निवृत कर्म० पेंशनर्स एसो०के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**झांसी।** सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन 05 जनवरी 2025 को राजकीय संग्रहालय में सम्पन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि हरि गोविन्द दयाल श्रीवास्तव प्रान्तीय उपाध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि जे०के० सिंह मण्डलीय संगठन मंत्री रहें ।कार्यक्रम की अध्यक्षता राम अवतार द्विवेदी जिलाध्यक्ष ने की।

इस कार्यक्रम में उरई से रामेश्पवर दयाल कुशवाहा व लखन लाल अहिरवार तथा ललितपुर से आत्माराम रिछारिया, महेन्द्र कुमार जैन गंगाराम शर्मा भी पेंशनरों ने अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी । इसी अधिवेशन में संगठन के सत्तर वर्ष से अधिक के 42 पेंशनरों को शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण करके सम्मानित किया गया।

अधिवेशन में संगठन का द्विवार्षिक चुनाव भी हुआ जिसमें अध्यक्ष के०सी०सविता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी०डी० कुशवाहा, मंत्री राजकुमार निगम तथा आडीटर लाला राम विश्वकर्मा को निर्विरोध चुना गया। चुनाव अधिकारी सतीषचन्द्र श्री वास्तव ने नवनिर्वाचित पदधिकारियों को शपथग्रहण करायीं जिनका सहयोग सुधीर कुमार श्रीवास्तव सहायक चुनाव अधिकारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर शिरोमणि शर्मा, भगवान दास कुशवाहा, खेमचंद्र सविता, धर्मवीर सिंह परिहार, चिन्तामणि गौतम, कैलाश नारायण गुप्ता, रामबाबू खरे, विजय सोनी, वीर सिंह, बृजमोहन सिंह निरंजन, प्रेमचंद्र, मो० रफीक, कृष्णा कुमार सविता, मोहन दास गुप्ता, भगवान दीन वर्मा, रघुवर दयाल, दिनेशचंद्र विश्नोई, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, अवरार अहमद, सुरेश चंद्र अग्रवाल, कैलाश नारायण मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, चुन्नीलाल, रूद्रशरण श्रीवास्तव, महेश चंद्र, अग्रवाल, सोहन सिंह यादव, खुशाल कुशवाहा, राजेश गोस्वामी, बी० पी० सिंह, रामनारायण शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, राजकुमार निगम, शिवरतन सिंह सेंगर, विनोद कुमार, शर्मा, जी०पी०झां, मोहन लाल विन्याणी, मुकेष कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मण अहिरवार, प्रेम चन्द्र, चिन्तामणि गौतम, दषरथ सिह, टी०आर०पुष्कर, रामजी लाल द्विवेदी, रानी सविता, उदय नारायण भारद्वाज, परशुराम शाक्य, गोविन्ददास वर्मा, रामचरण निर्मल, राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, लल्लूराम वर्मा, दिनेश नारायण वर्मा सहित आदि उपस्थित रहे ।

# प्रदेश अध्यक्ष ने सनातन हिंदू वाहिनी के पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र दिए

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष महंत संजय नाथ द्वारा प्रदेश व जिले के पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र देकर नियुक्त किया।

रविवार को सनातन हिंदू वाहिनी उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में बुलंदशहर जिले में संगठन विस्तार कार्यक्रम रखा गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष संजय नाथ द्वारा देवेंद्र वत्स को प्रदेश महामंत्री मीडिया प्रकोष्ठ ,अनिल रावत को जिला अध्यक्ष आगरा व जिला अध्यक्ष बुलंदशहर हिमांशु कुमार को नियुक्ति पत्र देकर बुलंदशहर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

भारी संख्या में प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश अध्यक्ष आचार्य प्रकोष्ठ के श्री श्री 1008 प्रवीण देव महाराज जी व सनातन हिंदू वाहिनी के पदाधिकारी गण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।, जिनमें प्रदेश उपाध्यक्ष दीप गौतम जी, प्रदेश सचिव गौतम चौधरी, मंडल अध्यक्ष राज वर्मा, प्रदेश सदस्य जितेंद्र कुमार उज्जवल , विवेक सागवान व जिला गाजियाबाद से जिला उपाध्यक्ष नरेश ठेकेदार व गाजियाबाद के जिला मंत्री आजाद कश्यप के साथ अन्य कार्य करता उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ?डॉल्फिन पब्लिक स्कूल की कक्षा 6 की छात्रा अनुष्का शर्मा की कविता से हुए प्रभावित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** नए फेस नमो भारत कॉरिडोर के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ?डॉल्फिन पब्लिक स्कूल की कक्षा 6 की छात्रा अनुष्का शर्मा की कविता से प्रभावित हुए और छात्रा के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया।

आज नमो भारत कॉरिडोर के नए फेस का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बच्चों के साथ साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक रैपिड रेल में सफर किया रैपिड रेल सफर के दौरान मोदी छात्र-छात्राओं से रूबरू हुए ।

अनुष्का शर्मा, पिता डॉ संघर्ष शर्मा व माता मोनिका शर्मा ,कक्षा 6 ,की छात्रा ने प्रधानमंत्री मोदी जी को कविता सुनाई ।प्रधानमंत्री मोदी जी ने अनुष्का शर्मा को सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया और ढेर सारा प्यार की प्यार दिया। डॉल्फिन स्कूल के चेयरमैन नीरज गर्ग, प्रधानाचार्या ऋतु गर्ग व उपप्रधानाचार्या रिंकी कंसल ने अनुष्का को इस उपलब्धि पर दी बहुत बहुत शुभकामनाएं।।

# बजरंग दल ने किया प्रसाद की दुकान का विरोध



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ।** मोदीनगर के सीकरी महामाया मंदिर के बाहर प्रसाद की दुकान लगाने वाले शाहरुख नामक व्यक्ति जो मुस्लिम समुदाय से संबंध रखते हैं। उसके खिलाफ बजरंग दल के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बजरंग दल के जिला सह-संयोजक मधुर नेहरा के नेतृत्व में कार्यकताओं की एक टीम मौके पर पहुंची और इस विषय पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। जिला सह-संयोजक मधुर नेहरा ने कहा कि यह धार्मिक स्थल हिंदू आस्था का प्रतीक है और यहां प्रसाद की दुकानें केवल हिंदू समुदाय के लोगों द्वारा चलाई जानी चाहिए ? उन्होंने बताया कि ऐसा करना हमारी परंपराओं और मान्यताओं के अनुरूप है। बजरंग दल की टीम ने स्थानीय प्रशासन से यह मांग की है कि धार्मिक स्थलों पर हिंदू परंपराओं का पालन सुनिश्चित किया जाए। इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति नही होनी चाहिए।

# उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ ने डीएम व बीएसए का नव वर्ष में किया सम्मान

वेलकम इंडिया

**अमेठी।** पहली बार अमेठी जनपद में महिला शिक्षक संघ की सक्रियता दिखाई पड़ी ।

जनपद के बहुत ही सक्रिय संगठन महिला शिक्षक संघ अमेठी की जिलाध्यक्ष व मंडल प्रभारी अयोध्या दीपिका अवस्थी के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंच कर महिला शिक्षक संघ की सभी पदाधिकारियों ने अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत व बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी को बुके देकर नव वर्ष की बधाई दी। नव वर्ष पे महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष दीपिका अवस्थी ने कहा कि हम सभी महिलाओं को सजग और सशक्त होने की जरूरत है समाज के हर कार्य में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करना तथा अपने दायित्व का निर्वहन करना हम सबका परम कर्तव्य है। इस मौके पर संगठन की प्रचार मंत्री शिखा तिवारी, अर्चना मौर्या जिला मंत्री, नेहा सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, स्वेता जयसवाल संगठन मंत्री, प्रीती कुंवर प्रचार मंत्री, आंचल सिंह संयुक्त मंत्री व सभी पदाधिकारी उपस्थित रहीं।



# पीड़ित व्यक्ति ने लगाई एसएसपी देहरादून व एसएसपी सहारनपुर से न्याय की गुहार

वेलकम इंडिया

**देहरादून।** सहारनपुर पूरा मामला सहारनपुर के 62 फुटा रोड का है जिसमें प्रार्थी सीधा-साधा मनपसंद व्यक्ति है जो अपने काम धंधे से ताल्लुक रखता है प्रार्थी ने विपक्षी अशरफ अली पुत्र शहादत अली से दिनांक 5 /6 /24 // को एक प्लांट 200 गज का 120000 रुपए में खरीद किया था जिसका पैसा प्रार्थी ने विपक्षी को अदा कर दिया था परंतु अंदेशा है कि विपक्षी की नियत में खोट आ गया और उसने मेरे प्लांट की दीवार पर लिख दिया कि प्लांट विवादित है अथवा बिकाऊ है और विपक्षी ने अपना मोबाइल नंबर भी दीवार पर लिख दिया प्रार्थी ने सरकारी नियम अनुसार बनाना की सारी औपचारिक पूरी करते हुए रजिस्ट्री बनाना कराया है जिसमें कहीं तक भी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं छोड़ी गई है प्रार्थी ने जैसे कैसे करके विपक्षी से पैसे देकर बैनामा कराया परंतु अब विपक्षी की नियत में खोट आने के कारण प्रार्थी के प्लाट पर विवाद करना चाहता है और प्रार्थी कौन दिशा है कि कहीं मेरे प्लांट को किसी अन्य व्यक्ति को दोबारा ना बेंच दे क्योंकि विपक्षी शातिर दिमाग का व्यक्ति है जो विवादित प्रॉपर्टी में काम करता है जिसकी जानकारी प्रार्थी को अब पता चली है कि देहरादून थाना राजपुर प्रथम खाना हाजी अशरफ उसके साथियों के विरुद्ध मुकदमा कायम हो चुका है विपक्षी गृह बंद शातिर दिमाग व्यक्ति है जो देहरादून सहारनपुर में खाली पड़ी जमीनों की रजिस्ट्री अथवा पावर और अटॉर्नी अपने बेटे स्माइल के नाम कब्जा करने की नीयत से करता है।

# विश्व का छठवां आर्फंस स्माइल डे प्रयागराज, मुंबई, हरदुआ में 550 अनाथ ,गरीब,दिव्यांग,विकलांग बच्चो को मुस्कान देकर मनाया गया



वेलकम इंडिया

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 200अनाथ,गरीब,विकलांग बच्चों,मुंबई के परेल में वाडिया चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में 250 कैंसर पीड़ित बच्चों,और हरदुआ में मिलिट्री जवानों के साथ 100 बच्चो को मुस्कान देकर उनके सामूहिक जन्मदिवस के रूप में मनाया गया संस्था अध्यक्ष एवं संस्थापक जितेश केसरवानी ने बताया कि इस दिन का उद्देश्य है,पूरे विश्व में न्यू ईयर के मनाने के तरीके को बदलना,यह हर न्यू ईयर के पहले रविवार को उन बच्चो को मुस्कान देकर मनाया जाता है,जिन्हें यही नहीं पता कि जन्मदिवस और उसकी खुशियां क्या होती है। प्रयागराज में यह कार्यक्रम अबकी क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की उपमहानिदेशक डॉ सुचिता गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ,जिन्होंने बताया कि जल्द ही यह दिन विश्व का ऐसा पहला पर्व बनेगा,जिसे विश्व के सभी राष्ट्र और सभी धर्म मिलकर एक साथ मनाएंगे,और पूरे विश्व में कोई भी बच्चा अनाथ और गरीब नहीं रह जाएगा,कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और मां बाप के भजन से हुई,बच्चो ने अबकी महाकुंभ स्पेशल सॉन्ग गंगा के तीरे,चलो रे धीरे धीरे पर अपनी सुंदर प्रस्तुति दी,कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा जादूगर आलोक का जादू,जिस पर बच्चो ने खूब तालियां बजाई,भव्य आरती ग्रुप द्वारा बच्चो की,और प्रभु की आरती हुई, मोरपंख पकड़े बच्चो के बैलून फोड़ कार्यक्रम ने उनके चेहरे पर खुशियां ला दी,गिफ्ट में बच्चो को केक, चॉकलेट, पेन,पेंसिल, कॉपी,स्कूल बैग, थाली, कैप, ग्लव्स, फल,बिस्किट और बहुत प्रकार के खिलौने बांटे गए,साथ में बच्चो के नाश्ते और खाने का भी भव्य इंतजाम संस्था द्वारा किया गया था कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे..चीफ डिफेंस वार्डन अन्नू भैया,मेजर हर्ष कुमार(रजिस्ट्रार इलाहाबाद यूनिवर्सिटी)उन्होंने बच्चो की मुस्कान को विश्व तक फैलाने के लिए प्रण किया।

# अच्छा कार्य करने वाले को वोट करें पसमांदा

वेलकम इंडिया

**देहरादून।** आज ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के एक प्रोग्राम में बोलते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष फैयाज अहमद ने कहा की उत्तराखंड में निकाय चुनाव का बिल्कुल बज चुका है सभी प्रत्याशी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं इनमें से कुछ नए प्रत्याशी हैं कुछ पुराने हैं पुराने प्रत्याशियों का कराया हुआ विकास कार्य उनको जीत की ओर ले जाएगा फैयाज अहमद ने कहा की उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और बिना भेदभाव के सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास में आस्था रखते हुए जनहित के कार्य कर रहीहै फैयाज अहमद ने कहा कि उत्तराखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी कुशल नेतृत्व में उत्तराखंड तरक्की की राह पर अग्रसर है फैयाज अहमद ने उत्तराखंड में रह रहे पसमांदाओं का आवाहन करते हुए कहा की सभी मेयर पालिका अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों को जीतकर अपने विकास कार्य के लिए बीजेपी को वोट करें क्योंकि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी की खास नजर चार धाम होने के नाते उत्तराखंड पर रहती है मोदी जी दुनिया के ग्लोबल लीडर हैं पूरे देश में बिना भेदभाव के भाजपा की सरकारी काम कर रही हैं दिल्ली विधानसभा पर बोलते हुए फैयाज अहमद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के क्रियाकलापों से दिल्ली की जनता भली-भांति परिचित है किस तरह अरविंद केजरीवाल ने अपने ही पार्षद ताहिर हुसैन को फसाने का काम किया था और कोरोना कल में अरविंद केजरीवाल ने सबसे पहले मौलाना साद का नाम कोरोना फैलाने के लिए लिया और मौलाना साद पर एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की थी फैयाज अहमद ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में र अब अब सोच विचार कर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को दरकिनार करते हुए सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास में आस्था रखते हुए भारतीय जनता पार्टी के कैंडिडेट को जीतकर विधानसभा भेजने का काम करें



# पी एम मोदी ने आईफा के छात्र छात्राओं द्वारा रैपिड रेल कॉरिडोर से संबंधित बनाई गई पेंटिंग को सराहा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ।** नमो भारत कॉरिडोर के नए फेस का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बच्चों के साथ साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक रैपिड रेल में सफर किया। रैपिड रेल सफर के दौरान मोदी छात्र-छात्राओं से रूबरू हुए। संस्थान के मैनेजर डॉ संघर्ष शर्मा की नेतृत्व में आईफा के छात्र-छात्राएं मेघा दीक्षित. अनमोल त्यागी.आदित्य वर्मा, सिद्धार्थ गौतम, शेली शर्मा, तनिशा, आयुष द्वारा बनाई गई। पेंटिंग को प्रधानमंत्री मोदी ने सराहा और प्रशंसा की। छात्रा अनुष्का शर्मा के पिता डॉ संघर्ष शर्मा व माता मोनिका शर्मा कक्षा 6 की छात्रा ने प्रधानमंत्री मोदी को कविता सुनाई ,प्रधानमंत्री मोदी जी ने अनुष्का शर्मा को सर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया और ढेर सारा प्यार।

# मैं अपने वार्ड का सबसे बेहतर विकास करूंगा वार्ड नंबर 77 का ऐसा विकास करूंगा कि आज तक किसी पार्षद ने नहीं किया

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** उत्तराखंड में नगर निकाय चुनाव में बड़े जोरों शोरों के साथ सभी पार्टियों के प्रत्याशी पूरा दाम कम लगने में जुट गए हैं इसी क्रम में आज कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी वार्ड नंबर 77 माजरा ने आज एक भव्य रैली निकाल कर अपनी ताकत को दिखाया है इस अवसर पर अपने चुनाव कार्यालय पर वार्ड नंबर 77 के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज तक वार्ड नंबर 77 में ऐसा कार्य किसी ने नहीं किया जैसा मैं करके दिखाऊंगा उन्होंने कहा कि हम लोग प्यार की दुकान चला रहे हैं और प्यार से सबका दिल जीतने में राहुल गांधी की सबसे आगे खड़े नजर आते हैं उन्होंने कहा कि आप लोगों का प्यार क्षेत्र के विकास में मैं सबसे आगे खड़ा नजर आऊंगा रात दिन खेत के लोगों की सेवा करना मेरा परम कर्तव्य होगा इस अवसर पर जाहिद अंसारी ने कहा कि मैं जनता की सेवा में रात दिन तट पर रहूंगा जाहिद अंसारी ने कहा कि आपने और पार्षद लोगों के विकास को भी देखा है एक बार मुझे मौका देकर देखिए कि मैं अपने वार्ड के लिए अपने लोगों के लिए क्या-क्या करूंगा मुझे केवल आपके प्यार की सपोर्ट की और वोट की जरूरत है जाहिद अंसारी ने कहा आने वाली 23 जनवरी को हाथ का बटन दबाकर मुझे मतदान करके कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत करें और देहरादून का मेयर पोखरियाल जी को बनाएं इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अयूब अकेला शाहिद अंसारी जावेद अंसारी गुलफाम अंसारी आदि सैकड़ो युवा मौजूद रहे।

# मंगलौर हरबर्टपुर में लोकतंत्र की हत्या कर रही है भाजपा:सूर्यकांत धस्माना

वेलकम इंडिया

**देहरादून।** उत्तराखंड में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी निकाल चुनाव में हर के दर से पहले तो पिछले 1 साल से चावन को लगातार डालने में लगी रही और अब जब कोर्ट के हद तक शॉप के से राज्य में निकल चुनाव हो रहे हैं तो संभावित हार का खतरा देखकर भाजपा बाहुबल और सरकारी मशीनरी के दम पर लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास कर रही है जिसे कांग्रेस किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी यह बात आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धसवाना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कई श्री धस्माना ने आरोप लगाया कि हरिद्वार जनपद में सरकार व भाजपा के दबाव में नगर पालिका परिषद मंगलौर के कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद इस्लाम हरबर्टपुर देहरादून में नगर पंचायत प्रत्याशी यामिनी रोहिल्ला वी देहरादून नगर निगम पार्षद प्रत्याशी वार्ड नंबर 49 इलियास अंसारी के नामांकन भाजपा के दबाव के चलते गलत तत्वों के आधार पर निरस्त कर दिए गए हैं उन्होंने कहा कि मंगलोर के कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद इस्लाम इससे पहले चार बार चुनाव लड़ चुके हैं श्री धस्माना ने कहा कि लगातार दो दिन तक भाजपा विधायक उमेश शर्मा को दलबल के साथ नगर निगम पहुंचकर मुख्य नगर अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल अतिरिक्त मुख्य नगर अधिकारी श्री बेनीवाल व आरो पर दबाव बनाकर कांग्रेस प्रत्याशियों मुकीम अहमद 47 से रोबिन त्यागी 49 से इलियास अंसारी वार्ड नंबर 3 से अनिल छेत्री के नामांकन रद्द करवाना चाहते थे किंतु प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने स्वयं महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह जोगी पूर्व विधायक राजकुमार और सैकड़ो कार्यकताओं द्वारा विधायक उमेश शर्मा कड़ा विरोध करने से विधायक उमेश शर्मा के इरादे कामयाब नहीं हो पाए ।

# सोशल अवेयरनेस सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम







**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** विगत कई दिनों से समस्त उत्तर-प्रदेश भयंकर शीतलहर की चपेट में है जिसके प्रकोप से गरीब व असहाय जरूरतमंदों को बचाने के लिए सोशल अवेयरनेस सोसायटी द्वारा विगत 20 वर्षों से निरंतर कंबल वितरण का कार्यक्रम जनवरी माह में आयोजित किया जाता रहा है।इसी क्रम में सोशल अवेयरनेस सोसायटी के तत्वावधान में पुनः रविवार को गरीब कल्याण के उद्देश्य से सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष विनीत शर्मा के राजनगर सेक्टर 10 स्थित कार्यालय पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे सोसायटी के सदस्यों द्वारा गरीब और असहाय लोगों को लगभग 1100 कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण के साथ-साथ सोसायटी द्वारा जरूरतमंदों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक अजीतपाल त्यागी व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व महापौर आशु वर्मा उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अजीतपाल त्यागी द्वारा कंबल वितरण करके किया गया।इस अवसर पर अजीतपाल त्यागी ने कहा, ₹हमारा उद्देश्य समाज में गरीब और असहाय लोगों की मदद करना है और हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम उनको सर्दी के प्रकोप से राहत पहुंचाने के साथ उनकी ज़िंदगी में खुशीयाँ लाने में सहयोग प्रदान करेगा।₹ कंबल वितरण कार्यक्रम में सोसायटी के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया और अपना सहयोग प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि आशु वर्मा द्वारा सोसायटी के प्रयासों की सराहना की गई और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। सोशल अवेयरनेस सोसायटी के अध्यक्ष विनीत शर्मा ने बताया की कार्यक्रम के माध्यम से समाज में एक अच्छा संदेश देने का प्रयास किया गया है और हमें उम्मीद है कि हम आगामी वर्षों में इससे भी बड़ा कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बीडी शर्मा, विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीके हनुमान, पूर्व प्रदेश सचिव कांग्रेस डॉ० संजीव शर्मा, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुतीश दीदी, राजेश दीदी, महानगर अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा बुद्ध प्रकाश शर्मा, भारतीय कौटिल्य सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जर्नी ऑफ सक्सेस मुख्य संपादक पं० सुबोध शर्मा, मुख्य संपादक हिंद आत्मा पं० अशोक कौशिक, मुख्य संपादक परमार्थ संदेश वीके अग्रवाल, प्रदेश मंत्री भाजपा महिला मोर्चा रुचि गर्ग, मधु शर्मा मुख्य संपादक दृष्टि सागर, वरिष्ठ पत्रकार राकेश पाराशर, एनबीटी के वरिष्ठ पत्रकार संजय श्रीवास्तव, त्यागी ब्राह्मण महासभा के





अध्यक्ष पुनीत त्यागी, प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय शिवसेना महेश आहूजा, आचार्य मधुकर शास्त्री जी महाराज, डॉ० आर के पोद्दार, वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा महानगर कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, समाजसेवी केपी गुप्ता, डॉ० आरके मित्तल, देवेंद्र हितकारी, महानगर अध्यक्ष व्यापार मंडल बालकिशन उर्फ बालू भाई, भाजपा नेता अशोक भारतीय, पार्षद राजेंद्र तितोरिया, पप्पू नागर, कुलदीप त्यागी, अजीत निगम, राजकुमार राजू, महानगर मीडिया संयोजक प्रदीप चौधरी, समाजसेवी अनुज कुमार शर्मा, पं० राकेश शास्त्री, समाज सेवी अजय शर्मा मल्लू भैया, वरिष्ठ भाजपा किसान नेता कृष्णवीर चौधरी, पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, रियासुद्दीन सलमानी, पर्यावरणविद् आकाश वशिष्ठ, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन और मुख्य कोच सतपाल यादव, राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन स्वामी यादव, सलोनी सैनी, युसूफ पहलवान, राकेश यादव पूर्व पहलवान एवं ग्राम प्रधान, सामाजिक कार्यकर्ता दिल्ली कजरी यादव, जर्मन भाषा शिक्षण कलाकार एवं पर्यावरण कार्यकर्ता ख्याति आनंद, एडवोकेट राजवीर त्यागी, समाजसेवी आर एन पांडे, पं० डीडी शर्मा, आरके शर्मा, निवर्तमान अध्यक्ष राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन दीपक कांत गुप्ता, आचार्य अमित आर्यन, भाजपा नेता नीरज त्यागी, अनुज राघव, अभिजीत मुखर्जी, राकेश चौधरी, अवधेश गर्ग, नवीन शर्मा, नवीन पंडित, रामस्वरूप गोयल, उपेंद्र सिसोदिया, गोल्डी सहगल, एके सिंह, श्रीचंद चौहान, देवेंद्र विरवानी, एड० मनीष वशिष्ठ, समाजसेवी विजय लुंबा, पत्रकार श्रीमती रेखा अग्रवाल, केके त्यागी, पं० अश्वनी शर्मा जी, आदित्य कौशिक, अनुराग शर्मा, अजय त्यागी, दुष्यंत सिसोदिया, आयुष कुमार, ऋषभ दयाल, आकाश कुमार, ललित धवन, शानू खन्ना, राष्ट्रीय पंजाबी युवा संगठन के अध्यक्ष तनुज खन्ना, जुगनू ठाकुर, अजय राघव, मनोज सिंह, मुकेश शर्मा, राजेश्वर यादवज परमेंद्र त्रिपाठी, आरएन राम, समाजसेवी बीसी बंसल, मनोज गिरी आदि रहे।




## सपा नेता अनूप सिंह के नेतृत्व मे पत्रकारों को अंगवस्त्र व जरूरतमंदों को बांटा गया कंबल

**वेलकम इंडिया**



**अयोध्या।** सोहावल , सोहावल तहसील क्षेत्र ग्राम सभा डेरामूसी स्थित हरिनारायण सिंह शिक्षण संस्थान परिसर मे समारोह पूर्वक कंबल वितरण कार्यक्रम हुआ।विगत वर्षों की भांति पत्रकारों के सम्मान में डायरी कलाम तथा शाल देकर सम्मानित किया तथा गरीब महिलाओं व पुरुषों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किया गया। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए मौजूदा डबल इंजन की सरकार पर कडा प्रहार किया। वरिष्ठ युवा नेता सिंह ने कहा कि मौजूदा सरकार मे बेरोजगार युवा रोजगार के लिए किसान छुट्टा जानवरो से खेत मे खडी फसल बचाने के लिए रात दिन परेशान है ।महगाई का आलम है कि मजदूर की मजदूरी से आज परिवार नही पाल पाता। त्रस्त जनता सपा की सरकार बनाने के का रुख बना चुकी है। आने वाला 2027 सपा सरकार बनाने वाला होगा।इस मौके,पर सपा वरिष्ठ नेता बसंत लाल वर्मा, विकास वर्मा, हनुमान सिंह, रामदीन यादव बाबा ,शत्रोहन यादव अरुण कुमार हरिश्चंद्र वर्मा सहित दर्जनो,कार्यकर्ता समाज सेवी मौजूद रहे।

## वार्षिक उत्सव में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** सारस्वत ब्राह्मण समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में उत्सव भवन विजय नगर में रविवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती व परशुराम भगवान को समर्पित दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना की और बच्चों ने समाज को सास्कृति कार्यक्रम पेश कर मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सारस्वत ने कहा कि कार्यक्रम में आकर अपने बच्चों को सम्मानित कर मुझे प्रसन्नता हो रही है। समाज को जागरूकता करने के लिए मेधावी बच्चों को सम्मानित करना चाहिए, यह एक अच्छी पहल है। विशिष्ट अतिथि विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि सारस्वत ब्राह्मण समाज बधाई के पात्र है कि हर वर्ष समाज को एकजुट कर समाज को संस्कृति संस्कारों की पहचान जिंदा रखने के लिए ऐसे कार्य सर्व समाज में होते रहने चाहिए। ब्राह्मण सदा गौ गंगा भारतीय संस्कृति सभ्यता के लिए विश्व कल्याण के लिए संकल्पित है। इस दौरान सारस्वत ब्राह्मण समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष महेश चंद शर्मा, महासचिव पवन सारस्वत ने सभी विशिष्ट अतिथियों अनिल कुमार सारस्वत, विनोद चूड़ामणि, विनय सारस्वत, जयनंद शर्मा पूर्व पार्षद, देवनारायण शर्मा पार्षद, हरि नारायण सारस्वत, श्रीमती पुष्पा कॉल को अंग वस्त्र, शॉल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

## सेठ मुकन्दलाल जी के जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित








**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** कॉलेज के प्रांगण में कालिज का संस्थापक दिवस सेठ मुकन्दलाल जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संतोष कुमार जी, एस०डी०एम० सिंकदराबाद, बुलदंशहर विशिष्ट अतिथि डॉ० धर्मेन्द्र शर्मा जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद रहे। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के पुरातन छात्रों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा दी प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत विद्यालय के प्रबन्धक अनुराग सिघंल एवं प्रधानाचार्य डॉ० कर्मवीर सिंह ने किया। विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।जिसमें नाटक , योगा और नृत्य के कार्यक्रमों को भरपूर सराहना मिली ।कार्यक्रम के अन्त में डॉ० के० वी० सिंह जी द्वारा समस्त अतिथियों प्रबन्धतंत्र सदस्यों समस्त स्टाफ एवं छात्रों को धन्यावाद दिया ।

## अंबेडकर रोड व्यापार मंडल द्वारा निशुल्क आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** 5 जनवरी 2025 (रविवार) काका ट्रेडिंग कंपनी, 96 अंबेडकर रोड, निकट कालका गाड़ी चौक पर अंबेडकर रोड व्यापार मंडल सेंट्रल के अध्यक्ष राकेश काका द्वारा निशुल्क आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया गया।यह शिविर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चला। इस कैंप में 70 वर्ष से अधिक आयु के 60 से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों ने आयुष्मान कार्ड बनवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री बालकिशन गुप्ता (बल्लू भैया) द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पंडित अशोक भारतीय, विपुल अग्रवाल (प्रतिनिधि राज्य मंत्री), संयोजक राहुल उर्फ मुलायम, पार्षद आकाश जैन, अजीत गौतम, हेमंत कौशिक, हरीश कालरा और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन ने वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी राहत प्रदान की और व्यापार मंडल द्वारा सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की मिसाल पेश की।

## चोला फिल्म के निर्देशक अतुल गर्ग का गुलमोहर में हुआ स्वागत


**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** हाल ही में गोवा में आयोजित 55वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में अपनी क्रांतिकारी फिल्म चोला का ट्रेलर लॉन्च करने वाले डायरेक्टर अतुल गर्ग रविवार को राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में पहुंचे।जहां उनका सोसायटी के लोगों ने भव्य स्वागत किया। अतुल गर्ग आरडब्लूए के पूर्व महासचिव आरके गर्ग के छोटे भाई हैं। रविवार को जब वह अपने बड़े भाई आर के गर्ग से मिलने पहुँचे तब उनका गौरव बंसल ,अश्वनी , किंशुक बंसल ने बुके देकर और फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर डायरेक्टर अतुल गर्ग से हुई बातचीत में उन्होंने फि ल्म 'चोला' के बारे में बताया कि इस फिल्म की नैतिक कहानी है कि आत्मिक शांति के लिए अंदरूनी शक्ति को पहचानना जरूरी है, भगवा वस्त्र धारण करने की



जरूरत नहीं है। यह फि ल्म एक ऐसे युवा प्रोफेसर की कहानी है जो आत्मिक शांति के लिए एक बाबा के आश्रम में शरण लेता है और भगवा चोला धारण करता है। हालांकि, उसे शांति नहीं मिलती और उसका मन भटकता रहता है।तब आश्रम के बाबा उसे बताते हैं कि आत्मिक शांति के लिए अंदरूनी शक्ति को पहचानना जरूरी है।

'चोला' फि ल्म में मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार और हिंसा को दिखाने के तरीके को चुनौती दी गई है।इस फि ल्म ने मुझे गहराई से प्रभावित किया और अपनी खुद की विचार प्रक्रिया पर सवाल उठाने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा अतुल गर्ग कश्मीर, आम्रपाली और आम्रपाली-2 फिल्म भी बना चुके हैं।इन फिल्मो ने भी काफी सुर्खियां बटोरी थीं। अतुल गर्ग अक्सर सामाजिक कुरीतियों पर फिल्म बनाते हैं।



# पीएम मोदी ने नमो भारत कॉरिडोर का किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया







**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को न्यू अशोक नगर में 13 किमी. लंबे नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद-न्यू अशोक नगर सेक्शन का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने नमो भारत कॉरिडोर के साहिबाबाद स्टेशन पर अधिकारियों से बात कर इसके बार में जानकारी ली। साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की। यात्रा के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों और अन्य लोगों से बातचीत की। इसके अलावा पीएम ने 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम ने परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली पर आप-दा लाने वाले ये झूठा आरोप लगाते हैं कि केंद्र सरकार उन्हें काम नहीं करने देती। केंद्र सरकार उन्हें पैसे नहीं देती। ये कितने बड़े झूठे हैं। इसका उदाहरण इनका शीशमहल है। आज ही एक बड़े अखबार ने कैग रिपोर्ट के आधार पर शीश महल पर हुए खर्च का खुलासा किया है। ये सिर्फ झूठ बोलते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जिस आप-दा सरकार के पास दिल्ली के लिए कोई विजन न हो, जिसे दिल्ली की परवाह न हो, वह दिल्ली का विकास नहीं कर सकती है। दिल्ली को आधुनिक बनाने के लिए जितने भी काम हैं वो केंद्र की भाजपा सरकार ही कर रही है। आप-दा वालों ने दिल्ली के 10 साल बर्बाद कर दिए। आप-दा वालों को कोई भी दायित्व मिलने का मतलब है... दिल्ली के लोगों को दंड मिलना। पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि दिल्ली विधानसभा में भी कमल खिलने वाला है। मैं दिल्ली भाजपा के सभी कर्मठ कार्यकताओं से कहूंगा कि पूरी निष्ठा के साथ दिल्ली के हर कार्यकर्ता से मिलिए, उन्हें आने वर्षों के लिए भाजपा के संकल्प से परिचित कराइए। ये भाजपा ही है, जो दिल्ली को, दुनिया की बेहतरीन राजधानी का गौरव दिला सकती है। हम दिल्ली को दुनिया की ऐसी राजधानी बनाना चाहते हैं जिसमें भारत की विरासत का विराट स्वरूप दिखे। नई वैश्विक व्यवस्थाओं का सेंटर हो। ये तब ही हो सकता है जब केंद्र और राज्य, दोनों में भाजपा सरकार काम करे। पीएम मोदी ने कहा कि ये भाजपा ही है जो दिल्ली का विकास कर सकती है। दिल्ली के भविष्य के लिए ये बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी आप-दा से कम नहीं है। यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है- आप-दा नहीं सहेंगे... बदल के रहेंगे। पीएम ने कहा कि अब दिल्ली विकास की धारा चाहती है और मुझे खुशी है कि दिल्ली का विश्वास भाजपा पर है। भाजपा पर ये विश्वास इसलिए है, क्योंकि भाजपा सुशासन लाने वाली पार्टी है, भाजपा सेवाभाव से काम करने वाली पार्टी है, भाजपा सपनों को पूरा करने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हम 2025 में हैं। 21वीं सदी को 25 साल बीत चुके हैं यानी, एक चौथाई सदी गुजर गई है। इस दौरान दिल्ली में नौजवानों की दो या तीन पीढ़ी जवान हो चुकी है। अब आने वाले 25 साल भारत के भविष्य के लिए, दिल्ली के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। ये 25 साल, भारत को विकसित राष्ट्र बनते हुए देखेंगे। हम उसके भागीदार होंगे। ये भारत को आधुनिकता के एक नए दौर से गुजरते हुए देखेंगे। विकसित भारत के इस सफर का एक बहुत बड़ा पड़ाव जल्द ही आने वाला है। जब भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। दिल्ली सरकार किसी आपदा से कम नहीं है। दिल्ली को आपदा से बचाना है। पीएम ने कहा कि देश भाजपा को बार बार अवसर दे रहा है। दिल्ली का विश्वास भाजपा पर है। भाजपा ही दिल्ली का विकास कर सकती है। आपदा नहीं सहेंगे बदल कर रहेंगे।

आनंद विहार के आरआरटीएस स्टेशन को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह सार्वजनिक परिवहन के मौजूदा 6 माध्यमों के बीच मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन की सुविधा प्रदान करेगा। इसमें स्वामी विवेकानंद (आनंद विहार) और कौशांबी स्थित आईएसबीटी, मेट्रो के दो कॉरिडोर (पिंक और ब्लू लाइन), आनंद विहार रेलवे स्टेशन और सिटी बस स्टैंड शामिल हैं। इस स्टेशन के माध्यम से मेरठ व दिल्ली के यात्री मेट्रो, आईएसबीटी और रेलवे

**दिल्ली को 12200 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी**

## आरआरटीएस स्टेशन पर पीएम मोदी ने जन प्रतिनिधियों से की मुलाकात

**गाजियाबाद।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमाम व्यस्तताओं के बीच में भी व्यवहार नहीं भूलते। गाजियाबाद के दौरे पर जब भी पीएम आए, अक्सर जन प्रतिनिधियों से एक– एक मुलाकात की। आज भी वही हुआ। पीएम साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पहुंचकर सबसे पहले जनप्रतिनिधियों से मिले। स्नेह भरी मुस्कुराहट के साथ सबका कुशल क्षेम जाना और गाजियाबाद में चल रहे विकास कार्यों की भी जानकारी ले ली। प्रधानमंत्री कुशल व्यहार के इतने धनी हैं कि इतनी संक्षिप्त वार्ता में सभी को धन्य कर गए। पीएम से मुलाकात के बाद जनप्रतिनिधियों में उत्साह और ऊर्जा का जो संचार हुआ, वह देखने लायक था। गाजियाबाद की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दर्शन लाभ कर धन्य हो गए। उनका जिले में आगमन पर स्वागत किया, ऐसा मौका बड़ी मुश्किल से मिलता है, हालांकि पीएम जहां भी जाते हैं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों को समय जरूर देते हैं। उनके दर्शन मात्र से देश और समाज हित में काम करने की जो ऊर्जा मिलती है, उसका कोई जवाब नहीं। पीएम से मुलाकात से मुलाकात के बाद यह बातें लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहीं। मोदीनगर विधायक डा. मंजू शिवाच और एमएलसी दिनेश गोयल भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद गदगद नजर आए। डा. मंजू शिवाच का कहना था कि मोदी की स्नेह भरी मुलाकात महीनों तक जहन को गदगद करने वाली होती है। मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी भी उस क्षण को याद कर प्रफुल्लित हो उठे।

## चार माह होने के बाद भीं नहीं मिली जूस की रिपोर्ट

**गाजियाबाद।** लोनी बार्डर थाने की पुलिस को अभी भी जूस की रिपोर्ट आने का इंतजार है। जूस का सैंपल जांच को भेजे हुए चार माह का समय पूरा होने को है, पुलिस कर 15 दिन में रिमाइंडर भेजती है लेकिन नतीजा सिफर। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा का कहना है कि जूस की रिपोर्ट प्राप्त हो तो पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई करे। बता दें कि 13 सितंबर को लोनी बार्डर थानाक्षेत्र के इंदिरापुरी इलाके में खुशी जूस सेंटर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खूब बवाल मचा था। मामले में पुलिस ने मौके से एक मूत्र भरी कैन बरामद करते हुए दुकान संचालक आमिर को गिरफ्तार किया था। पुलसि जांच में यह बात भी सामने आई थी कि दुकान स्वामी बाहर गया था और इस बीच आमिर नाम का युवक दुकान का संचालन कर रहा था। मामले में सोशल मीडिया पर खूब बबाल मचा था। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि जूस का सैंपल जांच के लिए निवाड़ी स्थित लैब में भेजा गया था। कई बार रिमाइंडर भेजने के बाद भी थाना पुलिस को अब तक लैब से रिपोर्ट नहीं प्राप्त हो सकी है। जूस में मूत्र मिलाकर बेचे जाने के मामले में वीडियो वायरल होने के बाद लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस मुद्दे पर आवाज उठाई थी और खुद दुकानों पर जांच करने भी पहुंचे थे।

## फाइबर केबल डाल रही टेलीकॉम कंपनी की टीम ने दर्ज कराया मुकदमा

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र में फाइबर केबल डाल रही टेलीकॉम कंपनी की टीम से रंगदारी मांगने का मामला आया है। कंपनी की ओर से थाना खोड़ा में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिन्होंने खोड़ा नगर पालिका अध्यक्ष के नाम पर उन्हें धमकी दी और काम रुकवाकर रंगदारी मांगी। लाजपतनगर की सत्यम टेलीकॉम के अजय कुमार ने बताया कि वह सितंबर 2024 से खोड़ा क्षेत्र में फाइबर लाइन डाल रहे हैं। इसकी नियमानुसार नगर पालिका में शुल्क जमा करा अनुमति भी ली है। अक्तूबर–2024 में खोड़ा नगर पालिका अध्यक्ष मोहिनी शर्मा का नाम लेकर कुछ लोगों ने उनका काम रुकवा दिया। रंगदारी मांगी और पैसे देने से मना करने पर उन्होंने अध्यक्ष से मिलने को कहा। आरोप है कि 16 अक्तूबर को वह अध्यक्ष से मिले तो उन्होंने भी काम करने से मना कर दिया। स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने शिकायत लखनऊ भेजी, जिसके बाद अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हुई। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष पति अमरपाल शर्मा ने आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष का टेंडर और काम से कोई वास्ता नहीं है।

## पर्याप्त पानी नहीं मिलने नहीं मिलने से हजारों लोग प्रभावित

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन में रविवार को पांच दिन बाद पानी आया, लेकिन कई इलाकों में प्रेशर इतना कम था कि छठे दिन भी लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया। इससे करीब पांच हजार लोग प्रभावित हुए। पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण लोगों को बाहर बोतल बंद पानी व नलकूप से काम चलना पड़ा। पानी नहीं मिलने के कारण लोगों को रोजमर्रा के काम प्रभावित हुए। करहेड़ा रेनीवेल में दिक्कत के चलते पिछले पांच दिन से शालीमार गार्डन में पानी की आपूर्ति बाधित थी। इससे करीब 20 हजार लोग प्रभावित हुए। वहीं रविवार को को पानी की सप्लाई कम प्रेशर से हुई। इससे शालीमार एक्सटेंशन एक व एक्सटेंशन दो के एक हजार घरों में रहने वाले पांच हजार लोग प्रभावित हुए। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन एक के निवासी अमन मिश्रा ने बताया कि चार दिन बाद पानी की पानी सप्लाई बंद थी। बाहर से बोतल बंद पानी और नलकूप के पानी से काम चलना पड़ रहा था। पांचवें दिन भी पानी का प्रेशर बहुत कम आया। ऊपरी मंजिल तक पानी पहुंचने में काफी समय लग रहा है। छुट्टी के दिन पर्याप्त पानी नहीं मिलने से लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित होते है। वहीं स्थानीय निवासी सुमन देवी ने बताया कि पानी का प्रेशर इतना कम है कि एक घंटे पानी आने के बाद भी टंकी आधी भी नहीं भर पाई है। इससे नीचे से पानी की बाल्टी भरकर लेकर जानी पड़ रही है। नीचे से ऊपर बाल्टी के साथ चढे में सांस फूल जाती है। जलकल विभाग के अवर अभियंता सोमेंद्र तोमर का कहना है कि पानी की सप्लाई पूरी की जा रही है। जहां कम प्रेशर की शिकायत है, जांच कर उसे ठीक किया जाएगा।

## मोदी जी के आगमन पर सीमा त्यागी के आवास पहुंचा पुलिस प्रशासन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे अतिरिक्त खंड का उद्घाटन करने गाजियाबाद आए इस मौके पर हर बार की तरह शिक्षा के व्यापारिकरण पर रोक लगाने और देश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवाज उठाने वाली गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी को देश के प्रधानमंत्री मोदी के गाजियाबाद के गाजियाबाद आगमन पर पुलिस प्रशासन नजर बंद करने उनके सेक्टर 23 संजय नगर स्थित आवास पर पहुंच गया हालांकि इस बार जीपीए अध्यक्ष पहले ही आवास छोड़ चुकी थी। और घर पर पुलिस ने बच्चो से पूछा कि कहा और कितने बजे सीमा त्यागी घर से गई और उनका क्या प्रोग्राम है गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी ने बताया कि प्रधानमंत्री और योगी जी के गाजियाबाद आगमन पर हर बार पुलिस प्रशासन मुझे नजरबंद बंद करने मेरे आवास पर पहुंच जाती है जो दिखाता है कि सरकार शिक्षा के मुद्दे पर वार्ता करने की बजाय नजरबंद कर भयभीत करना चाहती हैं हम लगातार प्रदेश में आरटीई के अंतर्गत गरीब बच्चो के दाखिलों की प्रक्रिया में हो रही धांधली, देश में शिक्षा के व्यापारिकरण पर रोक, सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने, देश में एक देश एक शिक्षा एक बोर्ड के गठन करने की मांग सहित शिक्षा से जुड़े तमाम मुद्दों को उठा रहे हैं।

**सरकार और पुलिस प्रशासन का रवैया मेरे हौसले को नहीं तोड़ सकता - सीमा त्यागी**

## वेलकम इंडिया



नगर कीर्तन में पहुंचने पर गाजियाबाद के सांसद श्री अतुल गर्ग जी को जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद श्री इंद्र विक्रम सिंह जी एसीपी सिटी श्री राजेश कुमार जी को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की कमेटी के द्वारा सम्मानित किया गया पगड़ी पहनकर विशाल उड़कर और मोमेंटो देकर

## जीपीए की अध्यक्ष को पुलिस ने किया नजरबंद

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में जब भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पीएम नरेंद्र मोदी का आगमन होता है, गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी को उनके घर पर नजरबंद कर दिया जाता है। हर बार की तरह इस बार भी गाजियाबाद पुलिस सुबह सवेरे सीमा त्यागी के घर पहुंच गई। इस बात की जानकारी सीमा त्यागी ने ट्वीट करके दी। गाजियाबाद परेंट्स एसोसिएशन के ट्विटर हैंडल पर की गई इस पोस्ट को उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डीएम गाजियाबाद, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल और लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के साथ एएनआई को भी टैग किया है। सीमा त्यागी ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि शिक्षा के मुद्दे की ताकत देखिए, आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गाजियाबाद दौरा है और पुलिस मुझे हर बार की तरह नजर बंद करने के लिए मेरे आवास पर पहुंच गई है। सीमा त्यागी का कहना है कि वह शिक्षा के अधिकार की लड़ाई लड़ रही हैं, इसीलिए उन्हें वीआईपी मूवमेंट के समय नजरबंद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों के हक की लड़ाई मैं जारी रखूंगी, इसके अलावा भले मुझे कितना भी परेशान क्यों न होना पड़े।

## हीमोग्लोबिन और विटामिन डी की जांच के लिए निशुल्क कैंप का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** स्किन प्राइम क्लीनिक (पटेल नगर प्रथम) में रविवार को आईएमए गाजियाबाद और डॉक्टर भावुक मित्तल के नेतृत्व में हीमोग्लोबिन और विटामिन डी की जांच के लिए निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में लगभग 55 लोगों ने अपना हीमोग्लोबिन और विटामिन डी टेस्ट कराया। हीमोग्लोबिन और विटामिन डी स्वस्थ स्किन और स्वस्थ बालों के लिए अत्यधिक आवश्यक है। इसकी कमी से बालों का झडा चेहरे का काला और स्किन में झुर्रियां आना स्वाभाविक है। शुरूआती अवस्था में इसकी कमी को पूरा करके हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। इस कैंप में आईएमए गाजियाबाद के अध्यक्ष डॉ राजीव गोयल ने लोगों की जांच में मदद की और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली के बारे में समझाया।

## सारस्वत ब्राह्मण समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में उत्सव भवन विजय नगर में वार्षिक उत्सव मनाया

वेलकम इंडिया






**गाजियाबाद।** सारस्वत ब्राह्मण समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में उत्सव भवन विजय नगर में वार्षिक उत्सव मनाया गया इस अवसर पर मां सरस्वती व परशुराम भगवान को समर्पित दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना की और बच्चों ने समाज को सास्कृति कार्यक्रम पेश कर मंत्रमुग्ध कर दिया तत्पश्चात मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री ओमप्रकाश सारस्वत, ने कहा कि कार्यक्रम में आकर अपने बच्चों को सम्मानित कर मुझे प्रसन्नता हो रही है समाज को जागरूकता करने के लिए मेधावी बच्चों को सम्मानित करना चाहिए यह एक अच्छी पहल है विशिष्ट अतिथि विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बी के शर्मा हनुमान ने कहा कि सारस्वत ब्राह्मण समाज बधाई के पात्र है कि हर वर्ष समाज को एकजुट कर समाज को संस्कृति संस्कारों की पहचान जिंदा रखने के लिए ऐसे कार्य सर्व समाज में होते रहने चाहिए ब्राह्मण सदा गौ गंगा भारतीय संस्कृति सभ्यता के लिए विश्व कल्याण के लिए संकल्पित है इस अवसर पर सारस्वत ब्राह्मण समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष महेश चंद शर्मा, महासचिव पवन सारस्वत ने सभी विशिष्ट अतिथियों अनिल कुमार सारस्वत, विनोद चूड़ामणि, विनय सारस्वत, जयनंद शर्मा पूर्व पार्षद, देवनारायण शर्मा पार्षद, हरि नारायण सारस्वत, श्रीमती पुष्पा कॉल, को अंग वस्त्र साल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर ज्ञानचंद सारस्वत ताराचंद सारस्वत चंद्रशेखर सारस्वत महिपाल सारस्वत विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री पंडित श्री राम शंकर सारस्वत पंडित अनिल शर्मा पंडित सुभाष चंद्र वत्स पंडित जय नंद शर्मा प्रमोद कुमार सारस्वत चेतन राज सारस्वत अजय सारस्वत राम गोपाल सारस्वत पवन सारस्वत राज कुमार सारस्वत गोविंद सारस्वत आदि लोग उपस्थित थे।